कोटद्वार, रविवार
16 जून 2024
वर्षः 46
अंकः 55 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बाल श्रम को लेकर श्रम विभाग ने मारा छापा

**—नाबालिगों को रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द किया**

हरिद्वार। रानीपुर क्षेत्र में एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर दो नाबालिग कार्य करते हुए मिले। श्रम विभाग ने कार्रवाई करते हुए नाबालिगों को रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया जबकि प्रतिष्ठान स्वामी के खिलाफ कोतवाली रानीपुर में शिकायत दर्ज कराई है। श्रम विभाग की कार्रवाई से व्यापारी वर्ग में हड़कंप मचा हुआ है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट ने शनिवार शाम सीडब्ल्यूसी, चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम के साथ शिवालिक नगर से सटे क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान टीम को बालाजी हार्डवेयर बैरियर नंबर छह ब्रह्मपुरी रोड नियर विरटानिया ब्रांड फैक्टरी में दो नाबालिग कार्य करते हुए मिले। बातचीत करने पर सामने आया कि वे समीप की रामवाटिका कॉलोनी जमालपुर के रहने वाले हैं। श्रम विभाग ने उनके परिजन को बुलाकर उनकी काउंसलिंग करते हुए नाबालिगों से कार्य न कराने की चेतावनी दी। कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नाबालिगों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। श्रम विभाग की टीम ने जब दुकानदार मुकेश गुप्ता से इस संबंध में जानकारी चाही तब उनसे कोई जवाब देते नहीं बना। श्रम विभाग ने इस संबंध में सूचना पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आरोपी व्यापारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेत एवं निनियम) अधिनियम 1986, संशोधित अधिनियम 2016 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### गंगा दशहरा आज, हजारों लोग हरिद्वार पहुंचे

हरिद्वार। गंगा दशहरा पर्व से शनिवार शाम तक हजारों की भीड़ हरिद्वार पहुंच गई है। हरकी पैड़ी के आसपास के बाजारों में अन्य दिनों की अपेक्षा काफी भीड़ नजर आई। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि रविवार को अच्छी खासी भीड़ हो सकती है। मंगलवार को निर्जला एकादशी का स्नान होगा।भारतीय प्राच विद्या सोसायटी कनखल के प्रतीक मिश्रपुरी ने बताया कि इस वर्ष रविवार (आज) गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक स्नान का शुभ मुहूर्त होगा। कहा कि यह स्नान का महत्व कुंभ से भी ज्यादा होता है।

कहा जाता है कि इस दिन हरिद्वार हरकी पैड़ी पर स्नान करने से 10 प्रकार के पापों का शमन होता है। उन्होंने बताया कि इस बार छह योग एक साथ बन रहे हैं। इसलिए ये स्नान बहुत महत्व पूर्ण होगा। इस दिन दस प्रकार के फल, दस प्रकार के रंग, दस प्रकार की मिठाई, दस प्रकार के वस्त्र, से गंगा का पूजन का विधान है। पर्व को लेकर हरियाणा, दिल्ली समेत आसपासी राज्यों के श्रद्धालु पहुंच गए हैं। गंगा दशहरा पर्व पर काफी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु भी गंगा स्नान और पूजन करते हैं।

### शादी से पहले फरार हुई युवती

रुड़की। सुल्तानपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव की युवती परिजनों को बिना बताए घर से फरार हो गई। युवती की अगले महीने 11 जुलाई को शादी होनी थी। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर युवती की गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को युवती के पास किसी महिला का फोन आया था। उसके बाद वह काम का बहाना बनाकर घर से निकली और शाम तक घर नहीं पहुंची। परिजनों ने युवती को आसपास और रिश्तेदारों में तलाश किया पर कहीं पता नहीं लग पाया। परिजनों का कहना है कि युवती की इंस्टाग्राम पर प्रयागराज की रहने वाली किसी महिला के साथ दोस्ती है। जिससे युवती अक्सर बात किया करती थी। शुक्रवार को भी महिला से बात करने के बाद से युवती फरार है। परिजनों ने जब उस नंबर पर फोन किया तो उस महिला ने बताया कि उनकी बेटी लक्सर स्टेशन या हरिद्वार स्टेशन पर है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर युवती को जल्द से जल्द ढूंढने की गुहार लगाई है। पुलिस परिजनों की तहरीर पर युवती की गुमशुदगी दर्ज कर युवती की लोकेशन निकालने का प्रयास कर रही है। चौकी प्रभारी सुल्तानपुर लोकपाल परमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। युवती की तलाश की जा रही है। जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

# रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा, 14 की मौत, 13 घायल

**● नई दिल्ली से चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग पर जा रहा था दल**



रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग जिले के पास एक टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा गया। वाहन में 26 यात्री सवार बताए जा रहे हैं। हादसे में 14 यात्रियों की मौत हो गई। दल नई दिल्ली से चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग पर जा रहा था। उत्तराखंड ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में एक वाहन दुर्घनाग्रस्त होकर 250 मीटर गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। 10 ने घटनास्थल में ही दम तोड़ दिया था। इसके अलावा दो की मौत जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग और दो की मौत एम्स ऋषिकेश में हुई है। हादसे में घायल 13 लोगों में सात का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। जबकि 5 एम्स में भर्ती हैं। हादसे का कारण वाहन चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। साथ ही वाहन में सवार 23 लोगों में अधिकांश भी नींद में थे।

शुक्रवार देर रात्रि को नई दिल्ली से अलग-अलग जगह के 23 युवाओं का दल टेंपो-ट्रेवलर में चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग के लिए रवाना हुआ था। शनिवार को ऋषकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे वाहन रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने आरसी पैरापिट तोड़कर सीधे गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। हादसे की सूचना पर प्रशाशन, पुलिस, जिला आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू में जुट गईं। मौके पर 10 लोग मृत मिले। अन्य 16 घायलों को लगभग दो घंटे में गहरी खाई से सड़क में लाकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। घायलों में सात को गंभीर हालत के चलते केदारनाथ यात्रा में संचालित हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषकेश रेफर किया गया। जहां, दो की मौत हो गई। इधर, जिला चिकित्सालय में भर्ती घायलों में भी दो की मौत हो गई। हादसे पर डीएम, एसपी ने गहरा दुःख जताया है। दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में घायलों का यथाशीघ्र उपचार दिलाया गया और कम से कम समय में गंभीर को हायर सेंटर रेफर किया गया। (एजेंसी)

**चेक पोस्ट पर रोका गया था वाहन**

दुर्घटनाग्रस्त वाहन चारधाम यात्रा का नहीं था। इसलिए वाहन का ट्रिप कार्ड नहीं बनाया गया था। साथ ही यात्रियों का पंजीकरण भी नहीं था। ट्रिप कार्ड व पंजीकरण की बाध्यता सिर्फ चारधाम वाहनों व यात्रियों के लिए है। बताया जा रहा है कि जब ब्रहमपुरी में वाहन को पंजीकरण जांच के लिए रोका गया तो चालक ने चोपता तुंगनाथ ट्रिप पर जाने की बात कही। जिस पर वाहन को चेक पोस्ट से छोड़ दिया गया। वाहन में सभी सवार युवा थे। जो चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला की ट्रिप पर पर निकले थे। वाहन हरियाणा का था। जिसका एक साल पहले ही पंजीकरण किया गया था। वाहन के सभी दस्तावेज पूर्ण थे। वाहन में यात्री दिल्ली से बैठाए गए थे।

## सीएम धामी ने यूपी के सीएम की माताजी की पूछी कुशलछेम

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को एम्स ऋषिकेश में उपचार हेतु भर्ती उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता जी का कुशलक्षेम जाना एवं डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त की।

## सीएम धामी ने घायलों का जाना हालचाल



जयन्त प्रतिनिधि देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को एम्स, ऋषिकेश में उपचार हेतु भर्ती रुद्रप्रयाग में हुई वाहन दुर्घटना के घायलों का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने घायलों के उपचार के संबंध में एम्स के चिकित्सकों से भी जानकारी प्राप्त की तथा घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रुद्रप्रयाग में हुई वाहन दुर्घटना के जांच के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वाहन दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने व्यक्त की शोक संवेदना

रुद्रप्रयाग घटना पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि मृतकों की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं और जो घायल हैं उनके स्वास्थ्य के लिए कामना करता हूं। उनको बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए राज्य सरकार से याचना करता हूं। इस समय पर्वतीय क्षेत्रों में दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। इस पर चिंता करने की आवश्यकता है।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने जताया दुःख

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुःख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ हैं।

स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं और घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

## दर्दनाक हादसा : सवारियों से भरा टेंपो हरिद्वार हाईवे पर पलटा, दो बुजुर्गों की मौके पर मौत, 9 घायल

रुड़की, उत्तराखंड में एक और दर्दनाक हादसा हुआ है। हरिद्वार हाईवे पर टेंपो के पलटने से बुजुर्ग सवारियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में करीब आठ अन्य यात्री घायल हुए हैं। पुरकाजी हरिद्वार नेशनल हाईवे पर खानपुर थाना क्षेत्र में सवारी से भरा टेंपो पलट गया।

टेंपो में चालक के अलावा करीब 10 लोग और सवार थे। दुर्घटना में 65 साल और 60 साल के दो बुजुर्गों की मौत हुई है। जबकि 8–9 लोग घायल हुए हैं। पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। दो दिन बाद पड़ रहे गंगा स्नान के पर्व के चलते प्रशासन ने मुजफ्फरनगर की तरफ से आ रहा ट्रैफिक शनिवार में पुरकाजी, लक्सर, हरिद्वार हाईवे पर डायवर्ट कर रखा था।

शनिवार को दोपहर बाद लक्सर से एक टेंपो खानपुर जा रहा था। टेंपो में चालक व एक व्यक्ति आगे बैठे थे।



जबकि करीब 10 लोग पीछे मौजूद थे। ब्राह्मणवाला गांव की पुलिया के पास सामने से आ रहे ट्रैफिक से बचने के लिए चालक ने टेंपो कच्चे में उतरने की कोशिश की, तो वह अनियंत्रित होकर पलट गया। पीछे सवार लोग उसमें फंस गए।चीख पुकार सुनकर इकट्ठा हुए लोगों ने तुरंत पलटे टेंपो को सीधा किया और उसमें फंसी सवारियों को बाहर निकाला। पर तब तक 65 वर्षीय शोभाराम निवासी दल्लावाला थाना खानपुर और 60 साल के एक अन्य बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी। बाकी 8–9 सवारियों को भी काफी चोट लगी है। सूचना पर खानपुर थाने के एसआई उपेंद्र सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शव कब्जे में लेने के साथ ही घायलों को अस्पताल भिजवाया।

उन्होंने बताया कि मृतकों में से एक बुजुर्ग की पहचान नहीं हुई है। उसका शव अभी मोर्चरी में रखवाया गया है। जबकि दूसरे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया कि पुलिस मामले में जरूरी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनीता केजरीवाल को अदालती कार्यवाही के वीडियो हटाने का दिया आदेश

नई दिल्ली, दिल्ली हाई कोर्ट ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये अदालती कार्यवाही के वीडियो हटाने का आदेश दिया।सुनीता केजरीवाल ने जो वीडियो पोस्ट किये थे उनमें मुख्यमंत्री दिल्ली शराब घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद अदालत को संबोधित करते दिख रहे हैं।

हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति नीना बंसल और अमित शर्मा की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। याचिका में सुनीता केजरीवाल तथा अन्य पर ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई



करने की मांग की गई थी। यह आदेश उन सभी लोगों पर लागू होता है जिन्होंने इस तरह के वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर किये हैं। उन्हें ये पोस्ट हटाने होंगे।मामले में अगली सुनवाई 9 अगस्त को तय की गई है। दिल्ली के एक वकील वैभव सिंह ने याचिका दायर की थी। इसमें मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन और अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग करने वालों तथा उसे सोशल मीडिया पर फैलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि इस तरह के कदम से ट्रायल कोर्ट के जजों की जिंदगी को खतरा हो सकता है। सिंह की याचिका में सुनीता केजरीवाल के साथ अक्षय मल्होत्रा, सोशल मीडिया यूजर नागरिक–इंडिया जीतेगा, प्रोमिला गुप्ता, विनीता जैन और डॉ. अरुणेश कुमार यादव पर भी कार्रवाई की मांग की गई है।

### गलती से बनी सरकार, ज्यादा दिन नहीं चलेगी

नईदिल्ली,कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि यह सरकार गलती से बनी है और ज्यादा दिन नहीं चलेगी। खरगे ने कहा कि वह कुछ नया नहीं कह रहे हैं। वह बस पीएम मोदी की बातें दोहरा रहे हैं। पीएम मोदी खुद इसे खिचड़ी सरकार कह चुके हैं। अगर स्पष्ट बहुमत नहीं होता है तो सरकार कोई भी फैसला लेने की स्थिति में नहीं होती है। 2024 लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत (272 सीट) नहीं मिला है और एनडीए गठबंधन ने सरकार बनाई है। भारतीय जनता पार्टी की अगुआई वाले एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड और चंद्रबाबू नायुडू की तेलगू देसम पार्टी का समर्थन बेहद अहम है। हालांकि, एनडीए गठबंधन के नेता साफ कर चुके हैं कि वह मजबूती के साथ पीएम मोदी के साथ खड़े हैं और यह सरकार जनता से किए हुए सभी वादे पूरे करेगी।

## जी7 शिखर सम्मेल में शामिल होकर स्वदेश लौटे पीएम मोदी, खुद बताया कैसी रही यात्रा

नईदिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली के अपुलिया में हुई जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद शनिवार सुबह स्वदेश लौट आए. दिल्ली पहुंचने से पहले पीएम मोदी अपनी इटली यात्रा के बारे में जानकारी दी और बताया कि जी7 समित में शिकरत करना कैसा रहा. पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, अपुलीया में जी7 शिखर सम्मेलन में बहुत ही उपयोगी दिन रहा. विश्व नेताओं से बातचीत की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की. साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य ऐसे प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जिससे वैश्विक समुदाय को लाभ हो और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर



दुनिया का निर्माण हो सके. इसके साथ ही पीएम मोदी इटली का अभार जताया. पीएम ने लिखा, मैं इटली के लोगों और सरकार को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं.

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम को इटली के लिए रवाना हुए थे. इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अपुलिया गए थे. जहां शुक्रवार को उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन में शिरकत की और वैश्विक नेताओं से मुलाकात की. इस दौरान पीएम मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी समेत कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की.

बता दें कि पीएम मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेन के लिए पहली विदेश यात्रा की.

## नीतीश कुमार की अचानक बिगड़ी तबीयत, हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती

पटना, बिहार से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां मुख्यमंत्रती नीतीश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई है. तबीयत बिगडने् के बाद नीतीश कुमार को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

जहां चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है. मिली जानकारी के मुताबिक नीतीश कुमार के हाथों में तेज दर्द उठा. दर्ज क्यों और कैसे उठा इसको लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन हाथों में उठे दर्ज के असहनीय होने पर उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती कर लिया.जेडीयू चीफ और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पटना स्थिति मेदांता हॉस्पिटल में अडमिट कराया गया है. सीएम नीतीश का इलाज हड्डी रोग डिपार्टमेंट में हो रहा है. बता दें कि बीते कुछ समय से लगातार नीतीश कुमार की तबीयत खराब चल रही है. लोकसभा चुनाव के दौरान भी वह कई बार बीमार हुए थे. बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान व्यस्त कार्यक्रमों की वजह से उन्हें आराम करने का वक्त नहीं मिला

### सीएम ने विकास कार्यों के लिए 50 करोड़ स्वीकृत किए

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : मुख्यमंत्री ने सड़कों, पैदल मार्गों, पुलियाओं, पेयजल लाइनों, की मरम्मत हेतु 50 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिए हैं कि आसन्न मानसून सीजन को देखते हुए सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर लिए जाएं। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए। पैदल मार्गों और पुलियाओं की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। यह भी अनिवार्य रूप से देख लिया जाए कि पेयजल लाइनें और सिंचाई नहरें चालू हालत में हैं या नहीं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में आपदा मद के तहत होने वाले कार्यों के लिए 50 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि से सभी जिलों में क्षतिग्रस्त मार्गों, पुलियाओं, पेयजल लाइनों आदि के कार्य किए जाएंगे।

## नीट परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर पटना में सडक़ों पर उतरे छात्र, पुलिस ने भांजी लाठियां

पटना,एनईईटी (नीट) परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर छात्रों में आक्रोश देखा जा रहा। बिहार की राजधानी पटना में शनिवार को सैकड़ों छात्र परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर सडक़ों पर उतरे और जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों को हटाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने लाठियां भांजी तब जाकर विरोध प्रदर्शन शांत हुआ। पटना में दिनकर गोलंबर के पास शनिवार को नीट के परीक्षार्थियों ने हंगामा किया। इस बीच उन्हें ओपेन बोर्ड के 12वीं के परीक्षार्थियों का साथ मिला। प्रदर्शनकारी



छात्रों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका और सडक़ पर टायर जलाकर मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। इस दौरान दिनकर गोलंबर पर आवागमन पूरी तरीके ठप हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को खदेड़ कर हटाया, तब जाकर हालात सामान्य हो सके। छात्र नीट परीक्षा को कैंसिल करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नीट परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। इसलिए परीक्षा रद्द की जाए, और फिर से ली जाय। उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में गिरफ्तारी हुई है, फिर भी सरकार मानने को तैयार नहीं है।

छात्रों ने कहा कि एनटीए ने जो ग्रेस मार्क्स दिया, वह कहीं से भी उचित नहीं था। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा। पेपर लीक का सबूत आर्थिक अपराध इकाई पटना पुलिस के पास है। इससे यह साबित होता है कि एक दिन पहले ही अभ्यर्थियों के पास प्रश्न पत्र आ गए थे।

## बस हादसा:सीएम की अफसरों को दो टूक, दायित्व निर्वहन में शिथिलता पर होगी कड़ी कार्रवाई

**● मुख्यमंत्री के निर्देशों पर आज हुई दुर्घटना की जांच के लिए संभागीय परिवहन अधिकारी पौड़ी के नेतृत्व में लीड एजेंसी रवाना ● दुर्घटना की पृथक से जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है मजिस्ट्रियल जांच**

देहरादून। जनपद रुद्रप्रयाग में शनिवार को हुई बस दुर्घटना व हाल के दिनों में चारधाम यात्रा मार्ग पर हुई अन्य बस दुर्घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने अफसरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी विभाग के अधिकारी द्वारा दायित्व निर्वहन में शिथिलता पाई गई तो सम्बंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री के निर्देशों पर आज हुई दुर्घटना की जांच के लिए संभागीय परिवहन अधिकारी पौड़ी के नेतृत्व में लीड एजेंसी को रवाना किया गया है। दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच पृथक से की जा रही है। जनपद रुद्रप्रयाग के रैतोली में हुई बस दुर्घटना में 09 व्यक्तियों की मृत्यु एवं 13 व्यक्तियों के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। यह वाहन हरियाणा राज्य में माह जनवरी, 2024 में ही पंजीकृत हुआ था। उक्त वाहन के सभी प्रपत्र वैध पाये गये तथा वाहन की निर्धारित सीट क्षमता 20 है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में मृतक व घायलों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करने और पीड़ितों को मदद पहुँचाने के निर्देश दिये गये, जिसके अनुपालन में पुलिस विभाग, परिवहन, जिला प्रशासन एवं एसडीआरएफ की टीमों द्वारा राहत एवं बचाव कार्य किया गया। संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि जिला प्रशासन द्वारा दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों को दुर्घटना राहत निधि से राहत की धनराशि भी तत्काल उपलब्ध करा दी जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस दुर्घटना की जांच हेतु संभागीय परिवहन



अधिकारी, पौडी के नेतृत्व में लीड एजेन्सी को भी रवाना कर दिया गया है। दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच पृथक से जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है।

**बी0आर0ओ0 को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही के निर्देश**

इससे पूर्व दिनांक 11–06–2024 को जनपद उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। परिवहन विभाग द्वारा श्री शैलेश तिवारी, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) देहरादून के नेतृत्व में लीड एजेन्सी के अधिकारियों को दुर्घटना स्थल के निरीक्षण एवं दुर्घटना के कारणों की जांच हेतु भेजा गया था। जिला प्रशासन स्तर पर भी घटना की जांच हेतु उप जिलाधिकारी, भटवाड़ी की अध्यक्षता में जांच समिति बनायी गयी, जिनके द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2023 में घटित सड़क दुर्घटना के उपरान्त भी बी0आर0ओ0 से मार्ग की दशा में सुधार के निर्देश दिये गये थे। बी0आर0ओ0 द्वारा यह बताया गया कि ऑल वैदर रोड के कार्य के समय इस स्थान का भी सुधार किया जाएगा। परिवहन विभाग स्तर से गये निरीक्षण दल द्वारा प्रस्तुत आख्या के अनुसार वाहन के सभी प्रपत्र वैध पाये गये। इस स्थान पर सड़क बहुत संकरी है, इसके अतिरिक्त तीव्र ढलान के साथ–साथ अंधा मोड़ भी है। निरीक्षण दल की आख्या के आधार पर बी0आर0ओ0 को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

**मुख्यमंत्री ने कहा, कड़ाई से हो तमाम मानकों की जांच**

एक सप्ताह के भीतर चारधाम यात्रा मार्ग पर दो बसों की दुर्घटना पर मुख्यमंत्री द्वारा चिन्ता व्यक्त करते हुए परिवहन एवं पुलिस विभाग के सभी प्रवर्तन अधिकारियों को वाहनों की यांत्रिक दशा की जांच कड़ाई से करने, लाईसेन्स जारी करने से पूर्व चालकों का कडाई से परीक्षण करने, ग्रीन कार्ड निर्गत करने में सावधानी बरतने, ओवर स्पीडिंग/ओवर लोडिंग एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कठोर प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा सड़क रख–रखाव करने वाली संस्था– लोक निर्माण विभाग, बी0आर0ओ0,एन0एच0ए0आई0 आदि को निर्देश दिये गये कि सड़कों की दशा में सुधार के सम्बन्ध में कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न की जाए और दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जो भी कदम आवश्यक है, सभी पर कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री द्वारा सभी अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि यदि किसी विभाग के अधिकारी द्वारा अपने दायित्व निर्वहन करने में शिथिलता पाई गयी तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा और कांग्रेस ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन

नईदिल्ली,राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है। इसको लेकर कांग्रेस और भाजपा ने शनिवार को आम आदमी पाटी (आप) सरकार के खिलाफ मटका फोड़ प्रदर्शन किया।इस दौरान कांग्रेस ने कहा कि आप सरकार की अनदेखी से लोग बूंद–बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।इसी तरह भाजपा ने शहर में 10 साल से पानी किल्लत होना बताते हुए आप सरकार पर समाधान पर ध्यान देने की जगह भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में 280 ब्लॉक में मटके फोडक़र प्रदर्शन किया। यादव ने कहा कि आप और केंद्र एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन पानी की समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस गूंगी–बहरी सरकार को जगाने के लिए मटका फोड़ प्रदर्शन कर रही है।भाजपा ने शहजाद पूनावाला के नेतृत्व में जल मंत्री आतिशी के कार्यालय बाहर मटका फोड़ प्रदर्शन कर समस्या का जल्द हल निकालने की मांग की।

# तबाही का सबब बनेंगी ग्लेशियर पिघलने से बनी झीलें

**अशोक शर्मा**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियरों के पिघलने से बेहद चिंतित हैं। उनकी चिंता का सबब यह है कि दुनिया के वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते सदी के अंत तक हिंदूकुश हिमालयी क्षेत्र के ग्लेशियर 75 फीसदी तक नष्ट हो जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण बीते 30 साल में नेपाल के पहाड़ों से एक तिहाई बर्फ खत्म हो गई है। गौरतलब है कि बीते साल के आखिर में गुटारेस ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के आसपास के क्षेत्र का दौरा किया था। उस समय उन्होंने सोलुखुंबू इलाके का दौरा करने के बाद हिमालयी क्षेत्र के ग्लेशियरों के पिघलने से हो रहे खतरों से आगाह करते हुए कहा था कि दो प्रमुख कार्बन प्रदूषकों भारत और चीन के बीच इस हिमालयी क्षेत्र में स्थित नेपाल के ग्लेशियर पिछले दशक में 65 फीसदी से अधिक तेजी से पिघले हैं। आज जरूरत जीवाश्म ईंधन के युग को समाप्त करने की है। ग्लेशियरों के पिघलने का मतलब है तेजी से समुद्र का बढ़ना और विश्व समुदाय पर बढ़ता खतरा। इसीलिए मैं दुनिया की छत से इस वैश्विक खतरे के प्रति आगाह कर रहा हूं। क्योंकि दुनिया के वैज्ञानिक बार–बार यह चेता चुके हैं कि पिछले 100 वर्षों में पृथ्वी का तापमान 0.74 डिग्री सैल्सियस के औसत से बढ़ चुका है। लेकिन दक्षिण एशिया के हिमालयी क्षेत्र में गर्मी औसत से भी अधिक रही है। इसमें हो रही दिनोंदिन बढ़ोतरी बड़े खतरे का संकेत है। सबसे बड़ा खतरा ग्लेशियरों के पिघलने से बन रही झीलों से है जो तबाही का सबब बन रही हैं। 2013 में आई केदारनाथ आपदा इसकी जीती–जागती मिसाल है।

अब उत्तराखण्ड को लें, बीते दिनों उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून स्थित राज्य सचिवालय में आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में विशेषज्ञों ने राज्य के ग्लेशियरों और झीलों पर पेश रिपोर्ट में कहा कि वाडिया हिमालयन भू–विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा राज्य के ग्लेशियरों की निगरानी से यह खुलासा हुआ है कि तापमान बढ़ोतरी की वजह से ग्लेशियर न केवल तेजी से पिघल रहे हैं बल्कि वह तेजी से पीछे भी हट रहे हैं। इनके द्वारा खाली की गई जगह पर ग्लेशियरों द्वारा लाए गए मलबे के बांध या मोरेन के कारण झीलें आकार ले रही हैं। इनसे जोखिम लगातार बढ़ रहा है। यहां पर केदारताल, भिलंगना और गौरीगंगा ग्लेशियरों ने आपदा के लिहाज से खतरे की घंटी बजाई है। वैज्ञानिकों ने इन्हें संवेदनशील बताया है और कहा है कि गंगोत्री ग्लेशियर के साथ ही इस इलाके में 13 ग्लेशियर झीलें भी जोखिम के लिहाज से चिन्हित हुई हैं जो भयावह खतरे का सबब हैं।

गौरतलब है कि देश के उत्तर के पर्वतीय क्षेत्र में लद्दाख का पैंगोंग इलाका जो पर्यटन की दृष्टि से ख्याति प्राप्त, बहुत ही आकर्षक और मनमोहक है, में स्थित ग्लेशियरों के पिघलने से इस इलाके में तबाही के बादल मंडराने लगे हैं। यह इलाका ग्लेशियरों का भंडार है। इस बात का खुलासा कश्मीर यूनीवर्सिटी के जियोइनफार्मेटिक्स डिपार्टमेंट के अध्ययन में हुआ है। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन तो अहम कारण है ही, चीन द्वारा पैंगोंग इलाके में झील पर पुल का निर्माण भी एक अहम समस्या है जिसके चलते पारिस्थितिकी का संकट भयावह होता जा रहा है। यह इलाका ग्लेशियरों से केवल छह किलोमीटर दूर है। इसलिए इस संवेदनशील पर्वतीय इलाके में मानवीय गतिविधियों पर रोक बेहद जरूरी हो गई है। यदि इस पर अंकुश नहीं लगा तो ग्लेशियर तो सिकुड़ेंगे हैं ही,यहां की मिट्टी में नमी भी कम हो जाएगी और इससे कृषि के साथ–साथ वनस्पति भी प्रभावित होगी। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि यहां दुनिया की सबसे ऊंची खारे पानी की झील है। सबसे बड़ी और अहम बात यह है कि जम्मू–काश्मीर और लद्दाख के इस इलाके में कुल मिलाकर 12,000 के करीब ग्लेशियर हैं। ये ग्लेशियर 2000 के करीब हिमनद झीलों का निर्माण करते हैं। इनमें 200 तो ऐसे हैं जिनमें पानी बढ़ने से इनके फटने की हमेशा आशंका बनी रहती है।

इस सच्चाई को झुठलाया नहीं जा सकता। यदि कभी ऐसा हुआ तो उत्तराखंड जैसी त्रासदी की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। यह भी जान लेना जरूरी है कि पैंगोंग झील का 45 किलोमीटर का इलाका भारतीय क्षेत्र में आता है। पैंगोंग के इसी इलाके में बरसों से चीन द्वारा लगातार निर्माण कार्य किया जा रहा है। पैंगोंग झील के पार पुल का निर्माण उसी का ही हिस्सा है। विशेषज्ञों की चिंता का सबब यही है कि ग्लेशियरों को पिघलने से रोकने की खातिर इस संवेदनशील इलाके में ईंधन से चलने वाले वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए। भारत के साथ लगातार दो सालों से चलते गतिरोध के कारण चीन द्वारा यहां पर बेतहाशा निर्माण किया जा रहा है। पैंगोंग झील के पास चीन द्वारा जो निर्माण किए जा रहे हैं, उनकी दूरी ग्लेशियरों से केवल छह किलोमीटर ही है। ऐसे संवेदनशील इलाके में भारी पैमाने पर निर्माण कार्य किए जाने से ग्लेशियरों के पिघलने का खतरा बढ़ गया है। इससे लद्दाख के इस इलाके में गंभीर परिणामों से इंकार नहीं किया जा सकता। ट्रांस हिमालयन लद्दाख के पैंगोंग इलाके में भारतीय सीमा में आने वाले इन 87 ग्लेशियरों में 1990 के बाद आई कमी के शोध–अध्ययन जो जर्नल फ्रंटियर इन अर्थ साइंस में प्रकाशित हुआ है।

# नीट मामले के दोषियों को कड़ी सजा मिले

**विराग गुप्ता**

नीट परीक्षा में धांधली पर कई चरणों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के खुलासों से साफ है कि दाल में बहुत कुछ काला है। बिहार और गुजरात पुलिस की जांच से अगर पेपर लीक भी साबित हो जाए, तो फिर पूरी दाल ही काली हो सकती है। पेपर लीक के बारे में एनटीए ने इनकार किया है। लेकिन नकल और इंपसीनेशन, यानी किसी दूसरे ने परीक्षा दिया है, के आरोप सही साबित हो रहे हैं। नीट ने अब मान लिया है कि अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने के 63 मामले सामने आये हैं। इनमें से 23 को अलग–अलग अवधि के लिए परीक्षा से वंचित कर दिया गया है और शेष उम्मीदवारों के नतीजे रोक दिये गये हैं। केंद्र सरकार के प्रस्ताव के अनुसार ग्रेस मार्क को खत्म कर 1,563 छात्रों की दोबारा परीक्षा करवाने पर सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दे दी है। उनका रिजल्ट 30 जून के पहले आने से काउंसिलिंग में ज्यादा विलंब नहीं होगा।

बड़े विरोध और सोशल मीडिया में बढ़ रहे दबाव के बाद केंद्र सरकार ने आंशिक कार्रवाई की है। पूरे मामले में कई तरह की विसंगतियां, विरोधाभास और आपराधिकता के पहलुओं पर जांच और कार्रवाई का मुद्दा अभी बरकरार है। परीक्षा में आवेदन करने की तारीख में बेवजह बढ़ोतरी और दो हफ्ते पहले ही रिजल्ट घोषित करने से पैदा हुए संदेह का निराकरण भी जरूरी है। परीक्षाओं और नौकरियों में बढ़ रही धांधली का नेताओं और राजनीति से चोली–दामन का साथ है। लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हाईकोर्ट ने हजारों शिक्षकों की नियुक्ति रद्द कर दी, जिस पर बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगायी। इसलिए चुनाव परिणाम वाले दिन एडवांस तरीके से रिजल्ट घोषित करने पर हो रही आलोचना पर सरकार की ओर से साफगोई जरूरी है। राज्यों में पुलिस की जांच, निष्क्रिय केंद्र सरकार, एनटीए की संदिग्ध जांच समिति, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जलेबी की तरह जटिल होते मामले से छात्रों और उनके परिजनों में गुस्सा और निराशा बढ़ रही है। लोकसभा चुनाव में एक–तिहाई वोटरों ने वोट नहीं डाला, क्योंकि युवाओं में सिस्टम के प्रति निराशा थी।

सुप्रीम कोर्ट में नीट से जुड़े मामले में मई में ही त्वरित सुनवाई होती, तो शायद इतना बवाल नहीं होता। अगर नीट की पवित्रता प्रभावित हुई है, तो समय पर न्याय देकर जजों को संविधान की शपथ पूरी करनी ही चाहिए। मेडिकल, इंजीनियरिंग, फार्मेसी और यूनिवर्सिटी–कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को सोशल मीडिया में नेशनल ठगी एजेंसी नाम से शर्मसार किया जा रहा है।

चुनावों में रोजगार और शिक्षा के मुद्दे सबसे अहम थे। नीट परीक्षा में हुई धांधली पर समय से कार्रवाई नहीं हुई, या इस पर व्यापम की तरह लंबी खिचड़ी पकी, तो युवाओं का संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा और डगमगा सकता है।

जिन सेंटरों में नकल, फर्जीवाड़ा और गलत तरीके से ग्रेस मार्क देने के आरोप हैं, ऐसे सभी संदिग्ध छात्रों, उनके अभिभावकों, कोचिंग संस्थानों और परीक्षा केंद्र के इंचार्ज लोगों का लाइव नाकी टेस्ट होना चाहिए। इससे मेरिट वाले छात्रों का सिस्टम में भरोसा बढ़ने के साथ भविष्य में धांधली करने वालों के मंसूबे ध्वस्त होंगे। पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से ठोस कार्रवाई कर नयी सरकार को जनता का दिल जीतने की कोशिश करनी चाहिए। अन्यथा तमिलनाडु सरकार की यह बात सही साबित होगी कि नीट की परीक्षा प्रणाली गरीब और ग्रामीण विरोधी है। तक्षशिला और नालंदा के दिनों से भारत में विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर और उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता उच्च कोटि की रही है।




विकसित भारत के लिए हम जनसांख्यिकीय लाभांश की बात करते हैं, पर लालफीताशाही और भ्रष्टाचार के कारण योग्य बच्चे अमेरिका, यूरोप, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जाकर पैसा और नाम कमाने में ज्यादा इच्छुक हैं।

उदारीकरण के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मुनाफे की संस्कृति बढ़ी। मेडिकल की पढ़ाई सबसे ज्यादा खर्चीली है। नीट परीक्षा पास कराने के नाम पर कोचिंग और सॉल्वर गैंग का बढ़ता जाल देश का बड़ा कैंसर हैं।

महामारियों और बीमारियों से निपटने के लिए हमें योग्य, मानवीय और बेहतरीन डॉक्टर चाहिए। संसद में एक–तिहाई सांसद आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं, जिससे लोकतंत्र और संविधान दोनों खतरे में है। इस तरह अगर कोचिंग माफिया के भ्रष्ट सहयोग से गलत लोग मेडिकल प्रोफेशन में आ गये, तो भयावह स्थिति पैदा हो जायेगी। राजनीतिक हस्तक्षेप, कोचिंग माफिया, धन–बल के बढ़ते प्रभाव से धांधली के चलते शिक्षा के साथ नौकरियों की गुणवत्ता गिरने से शैक्षणिक अराजकता बढ़ रही है। कोचिंग माफिया और सॉल्वर गैंग की भ्रष्ट मिलीभगत से अयोग्य और धनपशुओं के मेडिकल प्रोफेशन में आने से पूरी सामाजिक व्यवस्था का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। व्यापम घोटाले से साफ है कि पुलिस और सीबीआइ की लंबी जांच के बाद पीड़ित लोगों का भविष्य अंधेरी सुरंग के हवाले हो जाता है। जनहित याचिका के नाम पर पब्लिसिटी का कारोबार बढ़ने के बावजूद पीड़ितों को न्याय नहीं मिलना बेहद चिंताजनक है। वर्ष 2022 की नीट परीक्षा से जुड़े लंबित मामले को अर्थहीन बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के जजों ने याचिका को निरस्त कर दिया है। यह मामला व्यापम की तरह न भटक जाए, इसके लिए हाईकोर्ट में चल रहे सभी मामलों को सुप्रीम कोर्ट को अपने पास हस्तांतरित कराना चाहिए। अपराध और धांधली के सभी पहलू अदालत के सामने आ सकें, इसके लिए एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र वकील) नियुक्त करने की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट में नीट से जुड़े मामले में मई में ही त्वरित सुनवाई होती, तो शायद इतना बवाल नहीं होता। अगर नीट की पवित्रता प्रभावित हुई है, तो समय पर न्याय देकर जजों को संविधान की शपथ पूरी करनी ही चाहिए। मेडिकल, इंजीनियरिंग, फार्मेसी और यूनिवर्सिटी–कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को सोशल मीडिया में नेशनल ठगी एजेंसी नाम से शर्मसार किया जा रहा है। डॉक्टरी की प्रवेश परीक्षा नीट में अनेक तरह की धांधली, मक्कारी और पेपर लीक से लाखों परिवारों का सपना टूटने के साथ बच्चे मनोरोग और बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। मेडिकल वाली नीट में ऑफलाइन परीक्षा और इंजीनियरिंग की जेईई में ऑनलाइन परीक्षा के दोहरे रवैये से भी समाज में बेचैनी है। प्रतिभा को बढ़ावा देने के नाम पर बनाये गये एनटीए की परीक्षा प्रणाली में व्यक्तिगत मेरिट को आंकने की सही प्रणाली नहीं बनने से कोचिंग संस्थानों का धंधा और जोर पकड़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अमेरिका में एक भाषण में कहा था कि सभी मामलों को अदालतों में ठेलना अच्छी बात नहीं है। परीक्षाओं में धांधली और कोचिंग के गोरखधंधे को रोकने के लिए नीट विवाद से जुड़े सभी दोषियों को जल्दी कठोर दंड मिलना चाहिए।

> **चुनावों में रोजगार और शिक्षा के मुद्दे सबसे अहम थे। नीट परीक्षा में हुई धांधली पर समय से कार्रवाई नहीं हुई, या इस पर व्यापम की तरह लंबी खिचड़ी पकी, तो युवाओं का संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा और डगमगा सकता है। जिन सेंटरों में नकल, फर्जीवाड़ा और गलत तरीके से ग्रेस मार्क देने के आरोप हैं, ऐसे सभी संदिग्ध छात्रों, उनके अभिभावकों, कोचिंग संस्थानों और परीक्षा केंद्र के इंचार्ज लोगों का लाइव नाकी टेस्ट होना चाहिए। इससे मेरिट वाले छात्रों का सिस्टम में भरोसा बढ़ने के साथ भविष्य में धांधली करने वालों के मंसूबे ध्वस्त होंगे। पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से ठोस कार्रवाई कर नयी सरकार को जनता का दिल जीतने की कोशिश करनी चाहिए। अन्यथा तमिलनाडु सरकार की यह बात सही साबित होगी कि नीट की परीक्षा प्रणाली गरीब और ग्रामीण विरोधी है। तक्षशिला और नालंदा के दिनों से भारत में विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर और उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता उच्च कोटि की रही है। विकसित भारत के लिए हम जनसांख्यिकीय लाभांश की बात करते हैं, पर लालफीताशाही और भ्रष्टाचार के कारण योग्य बच्चे अमेरिका, यूरोप, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जाकर पैसा और नाम कमाने में ज्यादा इच्छुक हैं।**

# उच्च शिक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता

**प्रो शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित**

चुनावी हलचल के थमने और नयी सरकार के पदभार संभालने के साथ आगामी पांच वर्षों के एजेंडे को लेकर चर्चा तेज हो गयी है, जिसमें उच्च शिक्षा एक महत्वपूर्ण बिंदु है। राजनीतिक शक्ति आख्यान की शक्ति पर निर्भर होती है। बड़े बदलावों की बात क्या करें, बीते एक दशक में आख्यान में परिवर्तन के लिए भी कुछ खास नहीं किया गया। यह समय है कि बौद्धिक और विद्वान बड़े बदलाव के लिए प्रयासरत हों, जो विविधता को मान देते हुए समावेशी हो। एक समानता और केंद्रीकरण आख्यान की शक्ति को अवरुद्ध कर सकते हैं। सार्वजनिक शिक्षा में निवेश सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3। 3 से बढ़ाकर छह प्रतिशत नहीं हो सका है, जबकि इसे 10 प्रतिशत होना चाहिए क्योंकि शिक्षा जहां है, वहीं आख्यान की शक्ति है। दस वर्ष पूर्व सरकार के सामने लंबित कार्यों और अप्रभावी संस्थाओं की चुनौती थी, जिनके कारण आर्थिक विकास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर में बाधा आयी। इसलिए एक दशक से सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उन खामियों को दूर करने में लगी हुई थी। इस अवधि में अप्रासंगिक नीतियों की जगह नयी नीतियां लागू हुईं और संस्थानों में सुधार किये गये।

तीसरे कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में आमूल–चूल परिवर्तन के लिए सरकार को महत्वपूर्ण अवसर मिला है। सभी विषयों में व्यापक विकास आवश्यक है। केवल फैशनेबल विषयों पर ही एकतरफा ध्यान नहीं होना चाहिए। सरकार, शिक्षक, छात्र, प्रशासक– सभी को मिलकर इस अवसर को सार्थक बनाना चाहिए।

शिक्षा में ठहराव का मुख्य उदाहरण 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति थी, जो अहम वैश्विक परिवर्तनों के बीच पीछे रह गयी थी। इसके स्थान पर सरकार ने 2020 में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की, जो विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एक दूरदर्शी दस्तावेज है। लेकिन अनेक बाधाओं और जटिलता से इसका कार्यान्वयन अवरुद्ध हुआ है। शिक्षा संविधान की सातवीं अनुसूची में एक समवर्ती विषय है। राजनीतिक कारणों एवं जागरूकता के अभाव में कुछ संस्थान इस नीति को लागू करने में हिचक रहे हैं या उनकी गति धीमी है। यह नीति स्थानीय भाषाओं में उच्च शिक्षा देने, बहुविषयक शिक्षण बढ़ाने तथा विश्लेषणात्मक क्षमता की पैरोकारी करती है। इसमें राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना का प्रावधान भी है। इस नीति में समता और समावेश पर जोर दिया गया है। नीति को इस तरह बनाया गया है, जिससे एक समावेशी शिक्षा तंत्र बने, जिससे सभी को समान अवसर मिल सके और देश की आबादी की विविध आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। शिक्षा नीति और अन्य नियामक नीतियां अधिक महत्वपूर्ण परिवर्तनों के लिए आधार हैं तथा इन्हें शीघ्र एवं प्रभावी ढंग से लागू करना सरकार की मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए।

ह्यविकसित भारतह्न के व्यापक उद्देश्य के अंतर्गत, नयी सरकार को बहुत सक्षम और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक उच्च शिक्षा क्षेत्र के विकास के लिए संस्थागत एवं व्यक्तिगत हस्तक्षेपों को प्राथमिकता देनी चाहिए। विज्ञान से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के प्रशंसनीय योगदानों के बावजूद हमारी उच्च शिक्षा को समुचित वैश्विक पहचान नहीं मिल सकी है। इस कारण क्षमता एवं संभावना के बावजूद विदेशी सहभागिता और अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अपेक्षा के अनुरूप आकर्षित नहीं किया जा सका है। फिर भी, एक उल्लेखनीय बदलाव से इंगित होता है कि उच्च शिक्षा के प्रति रवैये में परिवर्तन आ रहा है। यह बदलाव है– स्नातकों की संख्या बढ़ाने की जगह कौशलयुक्त श्रमबल का विकास। यह बदलाव उच्च शिक्षा में अंर्तविषयक और बहुविषयक दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। उदाहरण के लिए, आईआईटी में समाज विज्ञान तथा मानविकी में तकनीकी एवं कोडिंग पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। उच्च शिक्षा के विकास के बारे में विमर्श अक्सर इंजीनियरिंग, बायोटेक, विज्ञान और तकनीकी के इर्द–गिर्द घूमता है, पर यह समझना जरूरी है कि मानविकी और समाज विज्ञान भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। इनमें दीर्घकालिक निवेश की आवश्यकता है।

हालिया चुनाव में जिस तरह से भ्रामक सूचनाओं और तथ्यों से खिलवाड़ किया गया, वह अभूतपूर्व है। ऐसा विशेष रूप से मीडिया और सोशल मीडिया के जरिये हुआ।

# औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज दिल जीत लेगी अजय देवगन और तब्बू की आशिकी

अजय देवगन और तब्बू की बहुप्रतीक्षित फिल्म औरों में कहां दम था का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के पोस्टर और टीजर के बाद से दर्शकों को इसके ट्रेलर का इंतजार था, जो आखिरकार खत्म हो चुका है। निर्माताओं ने औरों में कहां दम था का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। ट्रेलर में दिखी फिल्म की झलक अजय देवगन और तब्बू की अनोखी प्रेम कहानी का वादा करती है, जिसमें कई उतार–चढ़ाव हैं।




तीन मिनट लंबे ट्रेलर में शांतनु माहेश्वरी युवा अजय देवगन की भूमिका निभाते दिखे, जो तब्बू के किरदार से रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। बाद में एक हत्या के मामले में अजय देवगन जेल चले जाते हैं, जिसकी वजह से तब्बू और वे अलग हो जाते हैं। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कई साल बाद उलझी हुई परिस्थितियों में अजय देवगन और तब्बू को फिर से मिलते हैं। एक ओर अजय जेल से बाहर नहीं आना चाहते, क्योंकि वे बाहर की दुनिया से रूबरू होने के लिए तैयार नहीं हैं, वहीं जब अजय जेल से बाहर आते हैं तो उनका पुराना प्यार तब्बू उनसे मिलने आती हैं, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं।

ट्रेलर में अजय और तब्बू की प्यारी की अधूरी दास्तां देखने को मिली, जिसमे उनके प्यार की शुरुआत से लेकर अलग होने तक की गहरी कहानी दिखाई गई। ट्रेलर देखने से ऐसा लग रहा है कि जिमी शेरगिल ने तब्बू के पति की भूमिका निभाई है। अजय से अलग होने के बाद तब्बू की शादी जिमी शेरगिल से हो चुकी है, लेकिन अजय के जेल से बाहर आने के बाद तब्बू और जिमी अजय से मिलते हैं और पुराने जख्मों को उजागर करते हैं।

ट्रेलर की शुरुआत में तब्बू कहती हैं, कृष्णा... हमें कोई अलग तो नहीं करेगा न, तो शांतनु का किरदार कहता है, हम चेक किए थे, अभी तक कोई पैदा नहीं हुआ है और किसी ने कोशिश भी की तो आग लगा देंगे।

## बारिश से धुला अमेरिका–आयरलैंड का मैच, विश्व कप से बाहर हुआ पाकिस्तान

नई दिल्ली,फ्लोरिडा में शुक्रवार को सह–मेजबान अमेरिका और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इस तरह ग्रुप–ए में भारत के बाद अमेरिका सुपर–8 में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई, यानी टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंचने की पाकिस्तान की सभी उम्मीदें अब खत्म हो चुकी हैं। बाबर आजम की टीम का हालांकि अभी एक मैच बाकी है लेकिन वो इससे पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। ग्रुप–ए से भारत के बाद सुपर–8 में पहुंची वाली दूसरी टीम अमेरिका है। ग्रुप–ए के समीकरण को ध्यान में रखकर बाबर आजम की टीम आयरलैंड के खिलाफ अमेरिका की हार की दुआ कर रहा था। जबकि अगले दौर में पहुंचने के लिए अमेरिका को कम से कम एक अंक की आवश्यकता थी। आयरलैंड के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद उसे यह अंक मिल गया और इस तरह अमेरिका ग्रुप–ए से सुपर 8 के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम बन गई। पाकिस्तान की टीम के लिए यह विश्व कप काफी खराब रहा। अपने पहले ही मैच में उसे अमेरिका के खिलाफ बड़ा उलटफेर का सामना करना पड़ा था।

# आखिरी गेंद पर द. अफ्रीका ने तोड़ा नेपाल का सुपर–8 में पहुंचने का सपना

किंग्सटाउन,दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के 31वें मैच में नेपाल को 1 रन से हरा दिया। इस मैच में नेपाल के पास अफ्रीकी टीम के खिलाफ बड़ा उलटफेर करने का एक सुनहरा मौका था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। टूर्नामेंट में बने रहने के लिए नेपाल को आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी, लेकिन हेनरिक क्लासेन ने नॉन–स्ट्राइकर छोर पर नेपाल के गुलसन झा को रन आउट कर दिया, जिससे सुपर ओवर की संभावना खत्म हो गई। यह नेपाल के लिए दिल तोडने़ वाला अंत था, जिसने मैच के अधिकांश समय में दक्षिण अफ्रीका से बेहतर प्रदर्शन किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल की टीम ने दक्षिण अफ्रीका को मात्र 115 के स्कोर पर रोक दिया था और लक्ष्य का पीछा करते काफी अच्छी स्थिति में थी। पूरे मुकाबले में



नेपाल ने दक्षिण अफ्रीका पर दबदबा बनाए रखा। नेपाल के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 14वें ओवर तक 85/2 का स्कोर बना लिया था, यहां से नेपाल इतिहास रचने के बेहद करीब था।लेकिन दूसरी पारी के आखिरी 18 गेंदों में मैच की कहानी पूरी तरह से पलट गई। तबरेज शम्सी ने साउथ अफ्रीका की इस जीत में अहम भूमिका निभाते हुए चार महत्वपूर्ण विकेट झटके। मैच का टर्निंग पॉइंट आखिरी के 3–4 ओवर रहे। आखिरी के पांच ओवर में नेपाल को 25 रन चाहिए थे। टीम के पास 7 विकेट हाथ में थे। यहां से दक्षिण अफ्रीका ने मैच पलटा और अपने नाम कर लिया।

# कोटा फैक्ट्री 3 का ट्रेलर हुआ रिलीज, नई फिलॉसफी के साथ लौटे जीतू भैया

पंचायत 3 के बाद अब जितेंद्र कुमार कोटा फैक्ट्री के तीसरे सीजन के जरिए ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहे हैं। दरअसल, इस मोस्ट पॉपुलर सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो आईआईटी जाने की तैयारी कर रहे छात्रों पर आधारित है।ट्रेलर की शुरुआत, जितेंद्र कुमार के किरदार जीतू भैया से होती है, जो पॉडकास्ट में बात कर रहे हैं कि हमें रिजल्ट के साथ–साथ आईआईटी उम्मीदवारों की तैयारी को भी सेलिब्रेट करना चाहिए। ट्रेलर में एक्ट्रेस तिलोत्तमा शोम टीचर के रोल में है, जो छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताती हैं।

ट्रेलर के जीतू भैया से पूछा जाता है, कि उनके छात्र उन्हें जीतू सर के बजाय जीतू भैया क्यों कहते हैं?

इसके जवाब में वह बताते है, कोटा में बच्चों के लिए सब कुछ होता है, पर ये लोग सिर्फ जेईई उम्मीदवार नहीं हैं। हम लोग भूल जाते हैं ये लोग 15–16 साल के बच्चे हैं। उनमें दुनिया भर की इनसिक्योरिटी है। अगर टीचर डांट दे तो डिमोटिवेट हो जाते हैं। दोस्त ने कुछ कह दिया तो वो इनको बुरा लग जाता है। ये बच्चे हर चीज सीरियसली लेते हैं, इनकी जिम्मेदारी लेना बहुत बड़ी चीज है, जिसे जीतू सर हैंडल नहीं कर पाएंगे।

छात्रों को बेहतर परफॉर्म करने और उनकी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए जीतू सर की नहीं बल्कि जीतू भैया की जरूरत है।

ट्रेलर में मयूर मोरे का किरदार वैभव लाख कोशिशों के बाद भी सीट हासिल करने में नाकाम रहता है और उसे फिर से पूरी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। इससे उसकी दोस्ती पर भी असर पड़ता है।

ट्रेलर के आखिर में जीतू भैया इस बात पर जोर देते हैं कि उनके लिए हर छात्र मायने रखता है, चाहे वे आईआईटी में रैंक हासिल करे या नहीं। उन्होंने कहा कि उन्होंने इसी फिलॉसफी पर अपने संस्थान को खोला है और इसी के मुताबिक चलाऊंगा भी।

सीरीज में मयूर मोरे, रंजन राज, आलम खान और रेवती पिल्लई भी अहम रोल में हैं।

## मुंज्या ने निकाला बजट, 30 करोड़ के पार हुई शरवरी वाघ की फिल्म

आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी फिल्म मुंज्या को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है और यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।इस फिल्म में मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं, जिनकी अदाकारी दर्शकों को पसंद आ रही है।मुंज्या शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट जारी है। अब मुंज्या के छठे दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंज्या ने बुधवार (छठे दिन) को 3.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 31.15 करोड़ रुपये हो गया है।

# न्यूजीलैंड ने दो हार के बाद बड़ी जीत के साथ खोला खाता

टरूबा (त्रिनिदाद),न्यूजीलैंड ने ग्रुप सी में युगांडा को 9 विकेट से रौंदकर टी20 विश्व कप 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज की। कप्तान केन विलियमसन ने युगांडा के खिलाफ अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। कीवी गेंदबाजों ने युगांडा को शुरुआती झटके दिए, जिससे यह टीम उबर नहीं पाई।

युगांडा के टॉप 5 बल्लेबाजों में तीन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए, जबकि अन्य दो बल्लेबाज कुल 13 रन ही जोड़ पाए। मैच में साउदी ने अपने स्पेल में मात्र 7 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। मैच में साउदी के 3 विकेट के



अलावा ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सेंटनर और रचिन रविंद्र ने 2–2 विकेट झटके। लॉकी फर्ग्यूसन को 1 विकेट मिला। युगांडा की टीम 18.4 ओवर में केवल 40 रन ही बना सकी। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन केनेथ वैसवा (11 रन) ने बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, डेवोन कॉनवे के नाबाद 22 रन ने उन्हें ब्रायन लारा स्टेडियम में 9 विकेट से जीत दिलाई। युगांडा से मिले 41 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 5.2 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। एलन 17 गेंदों में 9 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कॉन्वे 15 गेंदों में 22 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 4 चौके लगाए। रचिन रवींद्र 1 रन बनाकर नॉट आउट रहे। विलियमसन ने मैच के बाद कहा, थोड़ा आराम, फिर प्रशिक्षण और मैदान में नए जोश के साथ उतरने की जरूरत है। पिच बेशक मुश्किल थी लेकिन टीम ने इस मुकाबले में अपना बेस्ट दिया। उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ी अच्छे थे। यह एक कठिन सतह थी। विचारों और तरीकों पर बहुत अधिक नियंत्रण नहीं था। इससे फर्क पड़ा। हमने पिछले मैच में देखा कि यह अलग है, इस मैच में इस तरह से खेलना बेहतर था।

## एक नजर

### गढ़वाल विवि ने किया कार्यालय समय में परिवर्तन

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि ने बायोमेट्रिक के सफल क्रियान्वयन को देखते हुए फाइव डे वर्क योजना को स्वीकृति मिलने के बाद कार्यालय समय में परिवर्तन किया गया है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश डोढी ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि पूर्व में कार्यालय समय में परिवर्तन किया गया है। कहा कि पूर्व में परिवर्तन किये गये कार्यों में कर्मचारियों और शिक्षकों को अब 9:30 बजे से सांय 6:00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहना होगा। उन्होंने विवि मुख्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों को आदेश का अनुपालन करने को कहा। (एजेंसी)

### पैंडुला में दो माह से पेयजल आपूर्ति ठप, ग्रामीणों में रोष

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखण्ड कीर्तिनगर के ग्राम पैंडुला में विगत दो माह से पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। शनिवार को पैंडुला के ग्राम प्रधान सुनय कुकसाल ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

पैंडुला गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की मांग को लेकर शनिवार को पैंडूला के ग्राम प्रधान सुनय कुकसाल ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को ज्ञापन प्रेषित किया। इस मौके पर सुनय कुकसाल ने कहा कि गांव में विगत दो महीनों से पेयजल आपूर्ति न होने ग्रामीण परेशान है। कहा कि ग्रामीण जल स्त्रोत से पानी ढोकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है। उन्होंने कहा जल संस्थान के अधिकारियों को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अधिकारी है कि सुनने को तैयार नहीं है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

### कैबिनेट मंत्री ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण का दिया आश्वासन

श्रीनगर गढ़वाल : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को नगर निगम सभागार में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान पेयजल, कूड़े, नगर निगम से जुड़ी समस्याओं को लोगों ने कैबिनेट मंत्री के सम्मुख रखा। अधिकतर समस्याओं का निस्तारण मौके पर किया गया। साथ ही संबंधित विभाग से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

शनिवार को आयोजित जनता दरबार में पानी का मुद्दा गरमाया रहा। श्रीकोट और स्वीत गांव के स्थानीय लोगों ने कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के सामने पानी की समस्या रखी। श्रीकोट निवासी हरीश जुगरान ने कहा कि श्रीकोट गंगनाली क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी रहती है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार जल संस्थान को शिकायत की है। वहीं स्वीत गांव की क्षेत्र पंचायत सदस्य उषा देवी ने कहा कि स्वीत गांव में पानी की किल्लत के चलते ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने भटूली से स्वीत गांव तक पेयजल लाइन की मांग की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को जल्द जनता की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। कहा कि पेयजल संबंधित शिकायत दोबारा मिलती है तो अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने जल संस्थान के ईई को भटूली से स्वीत गांव तक पेयजल योजना का प्रस्ताव तत्काल देने को निर्देशित किया। बिलकेदार के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता संदीप रावत ने कहा कि बिलकेदार क्षेत्र में नगर निगम द्वारा मुर्गी की दुकान संचालित कर रहे लोगों का चालान किया जा रहा, उन्होंने ईडब्लूएस में एक नाली भूमी की बाध्यता को खत्म करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिलकेदार को नगर निगम में सम्मिलित करने के बाद से क्षेत्र में एक भी कूड़ा वाहन नहीं आ रहा है।। डा. बीपी नैथानी ने कहा कि लोग घरों का कूड़ा नालियों में डालकर शहर को प्रदूषित कर रहें है। उन्होंने शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। मौके पर कैबिनेट मंत्री डा. रावत ने नगर निगम के अधिकारियों को नगर क्षेत्र की समस्याओं का निस्तारण समय पर किये जाने के निर्देश दिये।

### अब तक पांच प्रत्याशियों ने लिए नामांकन पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव में दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिए। एआरओ बद्रीनाथ राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भाजपा के प्रत्याशी राजेन्द्र भण्डारी व निर्दलीय उम्मीदवार नवल खाली ने नामांकन पत्र लिए। अब तक कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिए। पहले दिन सैनिक समाज पार्टी के उम्मीदवार हिम्मत सिंह नेगी, आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार दिलवर सिंह फर्स्वाण और निर्दलीय उम्मीदवार सुनील हटवाल शामिल है।

# विश्व पटल पर ले जाऊंगा कण्वाश्रम : बलूनी

### कोटद्वार पहुचें गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य गढ़वाल का बेहतर विकास है। इसके लिए वह पूरी गंभीरता से कार्य करेंगे। जल्द ही जनता को धरातल पर विकास कार्य भी नजर आने लगेंगे। कहा कि वह कण्वाश्रम को विश्व पटल पर पहुंचाने के लिए योजनाएं तैयार करेंगे। उन्होंने पहाड़ से पलायन रोकने के साथ ही युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध करवाने की भी बात कही।


कोटद्वार में सांसद अनिल बलूनी का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

चुनाव जीतने के बाद पहली बार कोटद्वार पहुंचे सांसद अनिल बलूनी का कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत झंडाचौक में सभा को संबोधित करते हुए अनिल बलूनी ने कहा कि वह पहले सांसद हैं जो चुनाव से पूर्व किए गए वादों को याद दिलवाने के लिए आए हैं। कहा कि कंडी मार्ग निर्माण के लिए उन्होंने कुछ दिन पूर्व ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। योग आदित्यनाथ ने मार्ग निर्माण के लिए उत्तराखंड को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है। कहा कि अब उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार मिलकर कंडी मार्ग निर्माण का रास्ता निकालेंगे। कहा कि उनका उद्देश्य पहाड़ में परिसीमन में कम हो रही विधानसभाओं को रोकना है। इसके लिए वह लोगों से अपना वोटर कार्ड गांव का ही बनवाने की अपील करेंगे। कहा कि अब गढ़वाल क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी उन्होंने ली है और अपने इस वादे को वह पूरी गंभीरता से पूरा करेंगे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, राजगौरव नौटियाल, धर्मवीर गुसाईं, पंकज भाटिया आदि मौजूद रहे।

### गोला फेंक में अनुकृति भट्ट व सुदीप रहा अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया है। इस दौरान गोला फेंक छात्रा वर्ग में अनुकृति भट्ट व छात्र वर्ग में सुदीप अव्वल रहा। प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि खेलों में प्रतिभाग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। छात्र-छात्राओं को अध्ययन के साथ ही खेलों में भी भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत गोला फेंक छात्रा वर्ग में अनुकृति भट्ट प्रथम, निकिता भट्ट द्वितीय और सोनिया तृतीय स्थान पर रहीं। छात्र वर्ग में सुदीप ने पहला, प्रज्ज्वल गैरोला ने दूसरा और प्रांजल चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालीबाल छात्र वर्ग में बीकाम संकाय विजेता व बीए संकाय उपविजेता रहा। युगल कैरम छात्रा वर्ग में सोनिया, निकिता रावत प्रथम व मोनिका, देवेश्वरी दूसरे स्थान पर रही। छात्र वर्ग में मोहित कुकशाल व सूरज रावत पहले व सुदीप और आयुष रावत दूसरे स्थान पर रहे। शतरंज प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में अंजलि रावत विजेता व देवेश्वरी उपविजेता रही। छात्र वर्ग में आयुष रावत विजेता व गौरव जखमोला उपविजेता रहे। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 में संकायवार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर वाणिज्य संकाय को पहला, कला संकाय को दूसरा और विज्ञान संकाय को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# ऑटो में बैठी महिला के गले से निकाली सोने की चेन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** दुर्गापुरी चौराहे के समीप ऑटो में सवार एक महिला के गले से कुछ महिलाओं ने सोने की चेन निकाल ली। जैसे ही महिला को चेन गायब होने की जानकारी मिली, महिलाएं भागने का प्रयास करने लगी। जिसमें से दो महिलाओं को तो आसपास के लोगों ने पकड़ लिया। लेकिन, एक भागने से सफल हो गई। पुलिस पकड़ी गई दोनों महिलाओं से पूछताछ कर रही है। घटना शनिवार दोपहर की है। निंबूचौड़ निवासी महिला कांति देवी आटो में सवार होकर दुर्गापुरी में अपने बीमार भाई से मिलने जा रही थी। इसी दौरान आटो में तीन अज्ञात महिलाएं भी बैठ गई। पीड़ित कांति देवी ने बताया कि स्टेंड आने पर जैसे ही उन्होंने आटो चालक को पैसे देकर गले में हाथ लगाया तो उनके गले से सोने की चेन गायब थी। वह कुछ समझ पाती इससे पहले ही आटो में सवार तीन महिलाएं कूदकर भागने लगी। बताया कि जैसे ही उन्होंने चीख-पुकार की तो पास के व्यापारियों ने दो महिलाओं को पकड़ लिया। जबकि, एक महिला भागने में सफल रही। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों महिलाओं को लेकर कोतवाली पहुंची। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि वह मेरठ व बरेली की रहने वाली हैं। महिलाओं के पास से चेन बरामद नहीं हुई है। फरार महिला की तलाश की जा रही है।

### धुमाकोट-बमणीसैंण के लिए बस सेवा 17 से

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : यातायात कंपनी जीएमओयू लि. की ओर से स्थानीय जनता की मांग पर दो हिमगिरी बस सेवाएं 17 जून से आरंभ की जा रही हैं। पहली बस सेवा 9 बजे कोटद्वार से धुमाकोट-बमणीसैंण व दूसरी बस सेवा 11 बजे कोटद्वार से बैजरौ के लिए आरंभ की जा रही है। दोनों ही बस सेवाएं दूसरे दिन अपने गंतव्यों से कोटद्वार के लिए वापस होंगी। यह जानकारी शनिवार को कंपनी अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने दी।

## जीएओयू ने उठाई मांग: कोटद्वार से हो चारधाम यात्रा की वापसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जीएमओयू ने कोटद्वार से चारधाम यात्रा की वापसी करवाने की मांग की है। कहा कि इससे जहां युवाओं को बेहतर रोजगार मिलेगा वहीं, क्षेत्र का भी विकास होगा। सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस दौरान यूनियन ने सतपुली से व्यासघाट-देवप्रयाग की सड़क के चौड़ीकरण की भी मांग उठाई।

इस संबंध में यूनियन के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि वर्तमान में चारधाम यात्रा के लिए सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कहा कि यदि चारधाम यात्रा की वापसी की योजना श्रीनगर-पौड़ी-कोटद्वार से की जाती है तो इससे क्षेत्र के अन्य पर्यटक स्थलों को भी बढ़ावा मिलेगा। जिसमें श्री सिद्धबली मंदिर, कंडोलिया मंदिर, खिर्सू पर्यटक सर्किट, ज्वाल्पा देवी, ताड़केश्वर, भैरवगढ़ी मंदिर आदि शामिल है। साथ ही क्षेत्रीय युवाओं को भी बेहतर स्वरोजगार उपलब्ध होगा। कहा कि सरकार को लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण पर भी गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इस मार्ग के निर्माण से रामनगर से हरिद्वार भी यात्रा आराम से की जा सकती है। यूनियन ने सतपुली से व्यासघाट-देवप्रयाग सड़क के चौड़ीकरण की मांग उठाई। कहा कि यदि मार्ग को डबल लेन कर दिया जाता है तो मार्ग से देवप्रयाग के साथ ही हरिद्वार-ऋषिकेश व देहरादून का सफर आसान होगा।

### कंडोलिया मंदिर में हुआ अखंड रामायण पाठ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कंडोलिया मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक पूजन के तहत शनिवार को दिनभर अखंड रामायण का पाठ चलता रहा। दिन भर मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा।

तीन दिवसीय वार्षिक पूजन के तहत शनिवार को कंडोलिया मंदिर में अखंड रामायण पाठ चलता रहा। मंदिर समिति के जसपाल सिंह, राम सिंह आदि ने बताया कि हर साल आयोजित होने वाले इस वार्षिक पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सभी तैयारियां की गई है। बताया कि शनिवार को रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। रविवार को यवन यज्ञ के बाद भंडारे के साथ तीन दिवसीय वार्षिक पूजन का समापन होगा।

# शांति व सौहार्द के साथ मनाएं ईद का त्योहार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पुलिस अधिकारियों ने शहरवासियों से ईद का त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। कहा कि यदि कोई भी शांति भंग का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को भी ईद पर गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी ने ईद को लेकर शहर के व्यापारी व अन्य सामाजिक संगठनों की बैठक ली। कहा कि सभी को त्योहार मिल-जुलकर मनाने चाहिए।


कोटद्वार कोतवाली में शांति समिति की बैठक लेते हुए सीओ विभव सैनी

इससे प्रेम व आपसी सौहार्द की भावना विकसित होती है। उन्होंने ईद के दिन विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत भी दी। कहा कि यदि कोई भी कानून का उल्लंघन करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। कहा कि शहर के संदिग्ध इलाकों में पुलिस भी लगातार गश्त पर रहेगी। साथ ही किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

# गांव के विकास का खाका गांव में ही बैठकर हो तैयार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विकासखंड जयहरीखाल के ग्राम चाई में आयोजित महोत्सव के दूसरे दिन गांव के बेहतर विकास पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि गांव के विकास का खाका गांव में ही बैठकर तैयार किया जाना चाहिए। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ओमप्रकाश फसर्वाण ने दीप प्रज्जवलित कर किया। फर्स्वाण ने कहा कि गांव चाई आज अपनी अनूठी पहल की वजह से पूरे राज्य व देश के लिए रोल मॉडल बन गया है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास का खाका गांव में ही बैठकर तैयार किया जाना चाहिए। स्थानीय ग्रामीणों की प्रभावी भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव स्वरोजगार व स्वावलंबन के बड़े केंद्र हो सकते हैं। विशिष्ट अतिथि एम्स ऋषिकेश के वरिष्ठ


चाई महोत्सव में नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार

चिकित्सक डा. हरिश्चंद्र बुडाकोटी ने कहा कि पहाड़ की संस्कृति व समाज हर दृष्टि से विशिष्ट है। जिससे बाहर के लोग बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम उत्सव के माध्यम से संस्कृति संरक्षण का यह प्रयोग अनूठा और सबके लिए प्रेरक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंभू प्रसाद बुडाकोटी ने की। इस मौके पर जगमोहन बुडाकोटी, सच्चिदानंद बुडाकोटी, जनार्दन बुडाकोटी, डा. पद्मेश बुड़ाकोटी, देवेंद्र बुडाकोटी, महेश बुडाकोटी, संगीत बुड़ाकोटी, राजेश बुडाकोटी, शेखर बुडाकोटी, दिनेश बुडाकोटी, शिव प्रसाद बुडाकोटी, पंकज बुड़ाकोटी, कुलदीप, विकास, अमन, सुमन संतोष, दिवाकर, दीपक बुडाकोटी, अनिल बुडाकोटी, जयंती प्रसाद बुडाकोटी, सुरेश बुडाकोटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे। समारोह का संचालन ललन कुमार बुडाकोटी ने किया।

### उपचुनाव लड़ेगी उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी उतारने पर गंभीरता से विचार कर रही है। पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बदरीनाथ क्षेत्र की जनता उपचुनाव से राज्य में ईमानदार संघर्षशील क्षेत्रीय राजनीति के विकास के लिए नए द्वार खोलेगी। उपपा के केंद्रीय महासचिव नरेश नौड़ियाल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि पार्टी जल्द ही तमाम क्षेत्रीय शक्तियों के साथ बातचीत कर प्रत्याशी के नाम को अंतिम रूप देने का काम करेगी। कहा कि राज्य बनने के बाद राष्ट्रीय दलों की सरकारों और नीतियों के कारण हिमालय व हिमालयी समाज बुरी तरह आहत है। चिपको, वन बचाओ जैसे ऐतिहासिक जन आंदोलनों के बाद रैणी, जोशीमठ और तमाम हिमालयी क्षेत्र सरकार के संरक्षण में पल रहे भू माफिया, पूंजीपतियों की निर्मम लूट के शिकार हो रहे हैं।

# पौड़ी में पेयजल संकट से नहीं मिल रही निजात

पौड़ी : पौड़ी मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को पेयजल संकट से निजात नहीं मिल पा रही है। भीषण गर्मी की वजह से पानी के स्त्रोतों पर डिस्चार्ज कम हो गया है। हालांकि जल संस्थान टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कर रहा है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं हो रहा है। शनिवार को जल संस्थान को पौड़ी मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकरों से पानी देना पड़ा। पौड़ी मुख्यालय को सप्लाई देने वाली नानघाट पेयजल योजना पर आए दिन पानी कम ही होता जा रहा है। जिसके कारण पौड़ी के कई मोहल्लों में उपभोक्ताओं को इन दिनों पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। शनिवार को भी कोटद्वार रोड, सर्किट हाउस सहित खांड्यूसैंण में टैंकरों से उपभोक्ताओं को पानी दिया गया। विभाग के इन दिनों पानी के 4 टैंकर चल रहे हैं। इसके साथ ही कल्जीखाल, बीरोंखाल, कल्जीखाल और कोट में भी उपभोक्ताओं को पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। इन क्षेत्रों में पानी के स्त्रोतों पर डिस्चार्ज कम होने से दिक्कतें बढ़ी हुई हैं। जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता एसके रॉय ने बताया कि नानघाट से पहले 1.7 एमएलडी पानी मिल रहा था, लेकिन अब वह भी घटकर 1.5 एमएलडी तक आ गया है।

## गढ़वाल विवि की 17 जून को होने वाली परीक्षा स्थगित

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि की 17 जून को होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है।

गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि 17 जून को ईद-उल-फितर बकरीद पर्व का अवकाश होने के कारण गढ़वाल विवि कि सेमेस्टर परीक्षाओं को स्थगित किया गया है। बताया कि 17 जून को होने वाली बीएससी एवं चतुर्थ सेमेस्टर की स्कील प्रश्नपत्र की परीक्षाएं 19 जून को सुबह 8 बजे से 10 बजे की पाली में आयोजित की जायेगी। जबकि बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की रसायन, भौतिकी, भू-गर्भ, गणित आदि विषयों की परीक्षाएं 19 जून को सुबह 11 से अपरान्ह 1 बजे तक की पाली में आयोजित होगी। (एजेंसी)

# मालन पुल मरम्मत कार्य में तेजी के निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष और स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शनिवार को भाबर क्षेत्र में बन रही सिंचाई नहरों और मालन पुल का विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

सर्वप्रथम उन्होंने भाबर क्षेत्र के सिगड्डी में बन रही सिंचाई नहर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को रोड किनारे से मिट्टी हटाने के निर्देश दिए।

कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से बनी सिंचाई नहर अब पूरी तरह बनकर तैयार है। इस नहर से सिगड्डी की जनता को कृषि में राहत मिलेगी। उन्होंने रामदयालपुर में बन रही सिंचाई नहर का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को समय रहते कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात वे मालन पुल पर पहुंचीं, जहां उन्होंने पुल निर्माण कार्य की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए लोनिवि अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए।


मालन पुल मरम्मत कार्य का निरीक्षण करती विस अध्यक्ष

## द्वारीधार के जंगलों की आग को फायर ब्रिग्रेड व वन विभाग की टीम ने बुझाया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी क्षेत्र में आए दिन जंगलों की आग से तापमान में बढ़ोत्तरी होने से जंगलों में आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।

शनिवार को शहर के सर्किट हाउस से सटे द्वारीधार के सिविल जंगलों में आग लग गई। फायर ब्रिग्रेड व वन विभाग की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

शनिवार की दोपहर को सर्किट हाउस के पास द्वारीधार के जंगलों में शरारत्ती तत्वों ने आग लगा दी। जिससे चारों ओर धुंआ होने से यहां से गुजरने वाले राहगीरों के साथ ही आसपास रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जंगल में आग लगने की सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई।

सिविल एवं सोयम वन प्रभाग पौड़ी के रेंजर मनोज रावत ने बताया कि द्वारीधार के जंगलों में आग लगने की सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड के साथ मिलकर आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। उन्होंने जंगलों को आग से बचाने के लिए विभाग का सहयोग करने व आग लगाने वाले शरारत्ती तत्वों की सूचना विभाग को देने की अपील की है।

## महिला से लाखों की ठगी में नाइजीरियन दिल्ली से गिरफ्तार

देहरादून : सोशल मीडिया से दोस्ती करने के बाद विदेश से गिफ्ट और डॉलर भेजने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी में एसटीएफ ने एक नाइजीरियन मास्टरमाइंड को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दून निवासी महिला से भी 13.61 लाख रुपये हड़पे थे।

एसटीएफ ने एसएसपी आयुष अग्रवाल ने शनिवार को एसटीएफ कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में इसका खुलासा किया। अग्रवाल ने बताया कि दून निवासी एक महिला ने हाल ही में साइबर क्राइम पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी फेसबुक के जरिए विलियम्स नामक युवक से दोस्ती हुई थी। उसने खुद को अमेरिका में डाक्टर (महिला रोग विशेषज्ञ) बताया। कुछ समय बाद उसने महिला को विदेश से 25 हजार अमेरिकी डॉलर, ब्रेसलेट ज्वैलरी, मोबाइल आदि भेजने की बात कही।

इसके बाद आरोपी ने खुद ही दिल्ली कस्टम विभाग का अधिकारी बनकर उनसे डॉलर को इंडियन करंसी में बदलने, कस्टम ड्यूटी आदि के नाम पर अलग-अलग खातों में 1361700 लाख रुपये लिए। मामले में पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। घटना में उपयोग मोबाइल नंबर, बैंक खातों आदि के विश्लेषण में आरोपी का दिल्ली में होना पाया गया। एसटीएफ ने काफी छानबीन के बाद शुक्रवार देर सांय को आरोपी नाइजीरियन युवक को मोहन गार्डन दिल्ली से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से दो मोबाइल, एक लैपटॉप, दो पासपोर्ट बरामद हुए। अग्रवाल ने बताया आरोपी इसी प्रकार से पूरे देश में कई लोगों से लाखों रुपये ठग चुका है। उससे पूछताछ की जा रही है।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र बिट्ट का नाम विभिन्न दस्तावेजों में बिट्टू, सागर एवं हीरा दर्ज हो रखा है, ये तीनों नाम मेरे पुत्र के ही हैं। अतः भविष्य में समस्त दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम बिट्टू लिखा, पढ़ा व जाना जाय।

**रफीक अहमद निवासी नई बस्सी झूलापुल, स्टेडियम रोड, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0217/21)

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के D&E केटेगरी के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर कैटरिंग स्टाल (SMU) के ठेके को आवंटन हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 04.07.2024, 05.07.2024 & 08.07.2024, को आमंत्रित की गयी है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

1798/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर वाणिज्य विज्ञापन के ठेके को आवंटन हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 01.07.2024, को आमंत्रित की गयी है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

1799/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 01 एस.एल.आर.: 18478 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 01.07.2024 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्ते www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

1823/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप-मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए इपीसी सिंगल स्टेज दो पेकेट प्रणाली के अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रत करते है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा एनआईटी संख्या | 17-विद्युत/नि./टीएसएस/यू.एम.बी./इपीसी/135-ए |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | अम्बाला मंडल के नंगल डेम -तलवाडा सेक्शन में अम्ब-अण्डौरा पर डबल सर्कट 132 केवी/27 केवी, 21.6/30.24 एमवीए ट्रेक्शन सब-स्टेशन (टी एस एस), एससीएडीए सहित, सामान्य विद्युत कार्य, सिविल इंजी. कार्य तथा दूसरा 132 केवी/27 केवी, 21.6/30.24 एमवीए का प्रावधान, सिंगल फेस ट्रेक्शन पावर ट्रांसफार्मर तथा इसके सहयोगी उपकरण वगैरह कुराली (केआरएलआई) /टी एस एस डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग कार्य का प्रावधान। |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 365 (तीन सौ पैंसठ) दिन नियुक्ति तारीख से |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 18,25,16,261.21 |
| 5 | निविदा प्रतिभूति (आन लाईन) जमा कराने की लिए | रुपए 10,62,600/- |
| 6 | निविदा देय दिनांक | दिनांक 06.07.2024 समय 14:00 बजे |
| 7 | निविदा के क्लाज संख्या 2.11.2 में लिस्टिक सभी दस्तावेज फिजिकल जमा कराने की तिथि | दिनांक 11.07.2024 समय 14:00 बजे |
| 8 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि व समय | विस्तृत ई-निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेब साईट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए 22.06.2024 से 06.07.2024 समय 14:00 बजे तक उपलब्ध होगा। निविदा दिनांक 13.07.2024 को 14:00 बजे खोली जाएगी। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

प्रपत्र सं. 17-विद्युत/नि./टीएसएस/यू.एम.बी./इपीसी/135-ए दिनांक 15.06.2024

1825/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### बेटी के नामकरण पर पौधे लगाने का संकल्प लिया

चमोली : ग्राम पंचायत बेनौली ने पंचायत में हर नवजात बेटी के नामकरण संस्कार पर माता-पिता को बधाई पत्र के साथ गांव में दो फलदार पौधे लगाने का फैसला लिया है। साथ ही प्रधान द्वारा 1100 रूपये की नगद धनराशि देकर बच्ची के नाम पर एफडी बनाने का संकल्प लिया। ग्राम प्रधान गंभीर सिंह रावत ने कहा कि पंचायत द्वारा लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। हाल ही में गांव के आलम सिंह फर्शवाण की पुत्रवधू बीना देवी ने कन्या को जन्म दिया। ग्राम प्रधान ने बधाई पत्र के साथ 1100 रूपये बीना देवी और उसके पति मुकेश फर्शवाण को दिए। उन्होंने 2 फलदार पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। प्रधान का कहना है कि समाज के लोगों को कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए आगे आना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए ग्राम पंचायत की ओर से प्रशासन को पूरा सहयोग दिया जाएगा। कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधि एकजुट होकर गांव का विकास करने के साथ सामाजिक बुराइयों को भी दूर करने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर हरपाल सिंह चिनवान, लक्ष्मण सिंह राणा, गोविंद सिंह, कुलदीप सिंह, प्रशांत राणा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### स्वास्थ्य शिविर में 25 लोगों ने कराई जांच

चमोली : नारायणबगड़ प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत सणकोट में शनिवार को ग्राम प्रधान प्रधान अंशी देवी बुटोला के प्रयासों से एक दिवसीय स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण व डॉक्टरों द्वारा शुगर व बीपी की निःशुल्क जांच की गई। तथा 25 लोगों का निःशुल्क ईसीजी जांच की गई । कैम्प में रजत पटवाल, डॉ नवीन नाथ, मोनिका रावत, प्रियंका नेगी एवं मन्दिर समिति सणकोट के अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह नेगी, उप प्रधान प्रेम बुटोला, यशपाल नेगी व राहुल बुटोला, विनोद सणकोटी ने सहयोग किया। (एजेंसी)

### नशा मुक्त भारत रैली निकाली

चमोली : सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम द्वारा उप महानिरीक्षक के नेतृत्व में शनिवार को एसएसबी परिसर से ग्वालदम बाजार व कुनिला गांव तक नशा मुक्त भारत रैली का आयोजन किया गया। रैली उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और समुदाय के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से जनता तक पहुचाना तथा मादक द्रव्यों के सेवन के मुद्दे पर जागरूकता फैलाना है कइस अवसर पर उपमहानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि नशा मुक्त भारत एक राष्ट्रीय पहल है, जिसे समाज के सभी लोगों की भागीदारी से सफल बनाया जा सकता है। रैली में सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम से उप कमांडेंट आमोद, उप कमांडेंट के पाठक, सहायक कमाडेंट जसवीर सिंह तोमर तथा संस्थान के अधीनस्थ अधिकारी और जवानो के साथ स्थानीय लोग भी शामिल रहे। (एजेंसी)

### लोगों ने जल संस्थान कार्यालय में की तालाबंदी

चमोली : स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने शनिवार को जल संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यालय में तालाबंदी की और नारायणबगड़ बाजार में पानी की सप्लाई सुचारु करने की मांग की। नारायणबगड़ बाजार और आसपास के क्षेत्र में बीते कई दिनों से पानी की भारी किल्लत को देखते हुए स्थानीय व्यापारियों और लोगों में भारी रोष व्याप्त है। वहीं शनिवार को व्यापारियों और गृहणियों का गुस्सा जल संस्थान कार्यालय में जमकर फूटा। व्यापारियों और गृहणियों ने जल संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जल संस्थान कार्यालय में तालाबंदी की। गौरतलब है कि इन दिनों क्षेत्र में कई दिनों से बारिश नहीं होने और लगातार तापमान बढ़ने से भारी गर्मी हो रही है। जिसका प्रभाव पेयजल स्त्रोतों पर भी पड़ रहा है और स्त्रोतों पर पानी कम होने से कई क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिस कारण व्यापारियों का व्यवसाय भी प्रवाहित हो रहा है।

### आने वाले समय में जल के लिए युद्ध होना संभव : मदन कौशिक

हरिद्वार। विधायक मदन कौशिक ने शनिवार को कहा कि वर्तमान समय में जल स्तर लगातार घट रहा है, जो कि बेहद गंभीर समस्या है। कहा कि जिस प्रकार विश्व के लगभग सभी देश जल की कमी से जूझ रहे हैं, आने वाले समय में जल के लिए युद्ध होना संभव है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निजात पाने के लिए सभी की सहभागिता से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर जल संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य करने की जरूरत है। जल संरक्षण अभियान के तहत शनिवार को सिटी वन में आयोजित जल उत्सव कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही।

# मानसखण्ड की तरह केदारखण्ड मंदिर माला मिशन भी बनायें : महाराज

**महासू देवता मंदिर के विकास हेतु 111 करोड़ के कार्य प्रस्तावित , 94.36 लाख स्वीकृत ,टिहरी झील विकास हेतु 601.204.00 करोड मंजूर**



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** राज्य में चिन्हित पौराणिक मंदिरों को विकसित करने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन की तरह केदारखण्ड मंदिर माला मिशन भी बनाया जाये और गुंजी घाटी में वेद व्यास जी की प्रतिमा को लगाने के साथ-साथ श्री कार्तिक स्वामी मंदिर पैदल मार्ग पर विभिन्न सुविधायें विकसित करने हेतु शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये।

उक्त बात प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को गढ़ी कैंट स्थित पर्यटन विकास परिषद में वेडिंग डेस्टिनेशन, टिहरी झील निर्माण कार्य, हनोल, टिम्मरसैंण, कार्तिकेय स्वामी, गंगोत्री-यमुनोत्री आदि के मास्टर प्लान की समीक्षा करते हुए पर्यटन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह राज्य में चिन्हित पौराणिक मंदिरों को विकसित करने के लिए मानसखंड मंदिर माला की तरह ही केदारखण्ड मंदिर माला मिशन भी बनाये, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाओं के अलावा इन प्राचीन और पौराणिक मंदिरों के दर्शनों का लाभ भी मिल सकें। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जनपद देहरादून स्थित महासू देवता मंदिर के विकास हेतु मास्टर प्लान के अन्तर्गत 02 चरणों में 61 करोड़ और 50 करोड़ अर्थात कुल 111 करोड़ के कार्य प्रस्तावित किये गये हैं। जबकि महासू देवता के एल्यूमेनियम और फेसड लाईटिंग के अन्तर्गत 94.36 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि जनपद टिहरी झील के आसपास के विकास हेतु एशियाई विकास बैंक ने 601.204.00 करोड की फंडिंग को मंजूरी दे दी है। जिसके अन्तर्गत कोटी कॉलोनी से डोबरा चांटी ब्रिज तक 15.7 किमी. लंबी पर्यटन सड़क, जिसमें समर्पित साइक्लिंग ट्रैक, व्यू पॉइंट, समर्पित हॉकर क्षेत्र तथा कोटि कॉलोनी से तिवार गांव तक 450 मीटर लंबा ग्लास बॉटम पैदल यात्री सस्पेंशन ब्रिज आदि बनाया जायेगा। श्री महाराज ने कहा कि जनपद चमोली स्थित टिम्मरसैण महादेव मन्दिर के विकास हेतु शासन द्वारा 7.95 करोड़ की राशि अनुमोदित की गयी है। गंगोत्री तथा यमुनोत्री धाम के सुनियोजित विकास हेतु ड्राफ्ट मास्टर प्लान तैयार किया जा चुका है। रूद्रप्रयाग स्थित श्री कार्तिक स्वामी मन्दिर पैदल मार्ग पर विभिन्न सुविधायें विकसित करने हेतु जिला पर्यटन विकास अधिकारी, रूदप्रयाग को विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि देहरादून से मसूरी 285.00 करोड़ की लागत से 5.5 किमी. लम्बी रोप-वे परियोजना का निर्माण कार्य गतिमान है। जानकी चट्टी से यमुनोत्री 166.81 करोड़ की लागत से 3.85 किमी. लम्बी रोप-वे परियोजना में निजी निवेशक की नियुक्ति की जा चुकी है, जिसके द्वारा सर्वे आदि का कार्य गतिमान है। पूर्णागिरी रोप-वे 35 करोड़ की लागत से 903 मी. लम्बी रोप-वे परियोजना का निर्माण कार्य गतिमान है। समीक्षा बैठक में पर्यटन विभाग के एसीईओ युगल किशार पंत, श्रीमती पूजा गर्ब्याल, हरीश रड़तालिया, श्रीमती पूनम चांद, दीपक खण्डूरी, सुमित पंत, एस एस संमत, विजय भट्ट आदि अधिकारी मौजूद थे।

### 109 वाहन चालकों के काटे चालान

चमोली : चमोली पुलिस ने यातायात के नियमों की अनेदखी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। बीत दिन चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्धारित गति सीमा से वाहन दौड़ा रहे वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 109 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 78 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला गया। (एजेंसी)

## रंगमंच में पीयूष और माही रहे अव्वल

नई टिहरी : ऑल सेंट कान्वेंट स्कूल नई टिहरी की चार दिवसीय रंगमंच प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में पीयूष कुमार और माही सुयाल और जूनियर वर्ग में मेवान दीक्षित और अहमद मुस्तफा ओवरआल चैंपियन रहे। समापन अवसर पर छठवीं के छात्रों की ओर से ध्वनि बैंड की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।शनिवार को मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक विजयपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि एआरटीओ सत्येंद्र राज और फादर थॉमस ने रंगमंच प्रतियोगिता का समापन किया।

डीईओ माध्यमिक ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। आज की नौनिहाल ही कल के भविष्य हैं। वहीं एआरटीओ ने नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा के प्रति संचालित जागरूकता अभियान में सभी से सहयोग की अपील की। विद्यालय के प्रबंधक सीवी सेबास्टियन ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल ऐसे आयोजन करवाता रहता है। कहा कि बच्चों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतिस्पर्धा इतनी ज्यादा थी, कि निर्णायकों को चयन करना भी काफी मुश्किल हो गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने असमी, बंगाली, पंजाबी, गढ़वाली, कुमाऊंनी लोकगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। सीनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देने के लिए पीयूष कुमार को कल तिलक पुरस्कार, माही सुयाल को कल प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया है। इस मौके पर शिक्षक विक्रम सिंह कठैत, भागवत रौतेला, उपेंद्र, ऋषिका, लाजवंती रौथाण, ममता नेगी, तेज डोभाल, सुनैना नेगी, संगीता, अंजुला, ज्योत्सना, सोमेन मुखर्जी, कमल बहुगुणा, शुभम भट्ट, चरणजीत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### विधिक शिविर में दी कानूनी जानकारी

नई टिहरी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नगर पंचायत लंबगांव में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को विभिन्न जरूरी कानूनों की जानकारी दी गई। प्राधिकरण के सचिव और सीनियर सिविल जज आलोक राम त्रिपाठी ने बताया कि गरीब और असहाय लोगों के लिए प्राधिकरण निःशुल्क रूप से लीगल सेवा के लिए अधिवक्ता उपलब्ध कराता है। लंबगांव महाविद्यालय सभागार में आयोजित शिविर में त्रिपाठी ने अधिकारी, कर्मचारियों और पर्यावरण मित्रों को पर्यावरण संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पॉक्सो ऐक्ट, डीवी ऐक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह, किशोर न्याय, साइबर अपराध आदि कानूनों की सरल शब्दों में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

## जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वृक्षारोपण सभी की जिम्मेदारी : चौधरी

**जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने में सभी की सहभागिता जरूरी**



**जयन्त प्रतिनिधि।** रूद्रप्रयाग : जल संरक्षण अभियान के तहत जनपद में आयोजित जल उत्सव कार्यक्रम विधायक रुद्रप्रयाग की अध्यक्षता में जलागम, वन विभाग एवं संबंधित विभागों द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पुनाड़ गदेरे से समीप सुजु गीबगड़ क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों फलदार, एवं चारापत्ती पौधों का रोपण किया गया।

पौधा रोपण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में जल स्तर लगातार घट रहा है, जो कि बेहद गंभीर समस्या है। इस समस्या से निजात पाने के लिए सभी की सहभागिता से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करने की जरूरत है। कहा कि प्रधानमंत्री के दिशा- निर्देशन में देश भर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ग्राम स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि वर्षा के जल संरक्षण के लिए पारंपरिक तरीकों के साथ ही वैज्ञानिक पद्धति से सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। जिससे कि घटते जल स्तर को बढ़ाया जा सके। तथा आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षित किया जा सके। प्रभागीय वन अधिकारी रुद्रप्रयाग अभिमन्यु ने कहा कि जल संरक्षण के लिए संबंधित विभागों के साथ ही आम जनमानस की सहभागिता भी आवश्यक है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने कहा कि रुद्रप्रयाग शहर की जल आपूर्ति पुनाड़ गदेरे से ही की जाती है तथा घटते जल स्तर को बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र से ही वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई है। इस अवसर पर उप निदेशक जलागम डॉ. आरपी सिंह, जिला पंचायत सदस्य शीला रावत, नरेंद्र बिष्ट, व्यापार मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन सेमवाल, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह बिष्ट, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक बिष्ट, अधिशासी अभियंता सिंचाई खुशवंत सिंह चौहान, जल संस्थान अनीश पिल्लई, जल निगम नवल कुमार, खंड विकास अधिकारी प्रवीन भट्ट सहित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# डेंगू से बचाव के लिए उठाए प्रभावी कदम, लोगों को करें जागरूक : डीएम

**डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारियां**

**जयन्त प्रतिनिधि।**




चमोली : डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए चमोली जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को जिला टास्क फोर्स से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेते हुए डेंगू नियंत्रण हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य एवं अन्य सभी संबधित विभाग बेहतर समन्वय बनाकर ठोस कार्य योजना के साथ डेंगू नियंत्रण के लिए काम करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के उपस्थित न रहने पर जिलाधिकारी ने उनका स्पष्टीकरण भी तलब किया।

जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में पानी की निकासी, नालियों की साफ-सफाई, मच्छर मारने के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव व फॉगिंग कराने के साथ ही व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कहा कि रुके हुए पानी में मच्छर के लार्वा को नष्ट करने लिए नियमित फील्ड विजिट कर दवाओं का छिडकाव करें। नगर क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी नगर निकायों का सहयोग लिया जाए। पंचायतीराज विभाग को सभी ग्राम पंचायतों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया की रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक करने की बात कही। विद्यालयों में छात्रों को डेंगू के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बाल विकास को आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों को डेंगू, मलेरिया से बचाव के संबंध में जानकारी देने को कहा। जल संस्थान को पेयजल टैंकों में नियमित क्लोरिनेशन और पानी की लीकेज ठीक कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम की अध्यक्षता में ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक करते हुए स्थानीय स्तर पर समुचित तैयारियां रखी जाए। जिलाधिकारी ने डेंगू मरीजों के इलाज के लिए जिला अस्पताल सहित सभी सीएचसी व पीएचसी में आइसोलेशन बेड तैयार करने एवं पर्याप्त मात्रा में मेडिसिन का स्टॉक रखने के निर्देश सीएमओ को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू मच्छर का लार्वा साफ पानी में ही पनपता है। इसलिए घरों और दफ्तरों में कूलर, टंकी, गमले, टायर अथवा अन्य टूटे फूटे बर्तन, प्लास्टिक सामग्री में रुके पानी की नियमित साफ-सफाई के लिए फोटो, वीडियो, पम्पलेट, वॉल पेंटिंग आदि माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करें। पब्लिक वाहनों पर भी पोस्टर, पम्पलेट, स्टीकर चस्पा किए जाए और डेंगू की रोकथाम में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसीएमएस डा. एमएस खाती, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके श्रीवास्तव, जिला पर्यटन अधिकारी बृजेंन्द्र पांडेय, ईओ गोपेश्वर पीएस नेगी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### डेंगू को लेकर चमोली जिले में बनाए 25 आइसोलेशन वार्ड

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल गोपेश्वर, उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग में एलाइजा मशीन से डेंगू मरीजों के जांच की सुविधा एवं पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध हैं। जिले के सभी चिकित्सालयों को मिलाकर 25 आइसोलेशन वार्ड बनाए गए है।

सभी अस्पताल में डेंगू की जांच की सुविधा उपलब्ध है। वर्ष 2023 में जिले में डेंगू के 75 मामले सामने आए। जिसमें सबसे अधिक 35 कर्णप्रयाग में, 28 दशोली में, 07 नारायणबगड़, 2-2 मामले जोशीमठ व नंदप्रयाग तथा एक मामला थराली का शामिल है।

इस दौरान उन्होंने नगर निकाय, पंचायती राज, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, जल संस्थान, सिंचाई, परिवहन, बाल विकास, पर्यटन आदि विभागीय स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी।

## राज्य स्तर के लिये 28 खिलाड़ियों का हुआ चयन



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : आवासीय छात्रावास में प्रवेश के लिए जनपद स्तरीय ट्राइल संपन्न हुए। जनपद चमोली से राज्य स्तर के लिये वालीबाल में 09, क्रिकेट में 05, बैटमिन्टन में 05, फुटबाल में 04 बालक, एथलेटिक्स में 03 बालक तथा एथलेटिक्स बालिका वर्ग में 02 बालिकाओं को चयनित किया गया है। जनपद स्तर पर निर्धारित बैट्री टेस्ट एवं खेलों के स्किल टेस्ट के आधार पर बालक/बालिकाओं का चयन राज्य स्तरीय चयन ट्रायल के लिये किया गया है।खेल विभाग चमोली द्वारा आवासीय खेल छात्रावासों में वर्ष 2024-25 में प्रवेश के लिए जनपदीय ट्रायल्स का आयोजन 14 जून एवं 15 जून को स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में किया गया, जिसमें बालकों के लिए फुटबाल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, वालीबाल, क्रिकेट एवं बालिकाओं के लिए एथलेटिक्स, फुटबाल, बॉक्सिंग, बैडमिन्टन एवं हॉकी खेलों में प्रवेश के लिये विभिन्न विकासखंड़ों की शिक्षण संस्थाओं से कुल 48 बालक व बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। एथलेटिक्स में 09, फुटबाल में 12, क्रिकेट में 13, बैडमिन्टन में 05, वालीबॉल में 09 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

### उपनल कर्मियों ने उठाई स्थाईकरण की मांग

नई टिहरी : वानिकी महाविद्यालय रानीचौरी में कार्यरत उपनल कर्मचारियों ने विभागीय मंत्री गणेश जोशी और वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर समस्याएं हल करने की मांग की। शाखाध्यक्ष सौरभ सिंह रावत के नेतृत्व में कर्मियों ने दोनों कैबिनेट मंत्रियों को बताया कि महाविद्यालय में कार्य करते हुए कार्मिकों को 10 साल से अधिक का समय हो गया है। लेकिन उनका स्थायीकरण सहित समय से वेतन नहीं मिलता है। विवि में बजट का हमेशा अभाव बना रहता है। जिसके चलते उन्हें समस्या उठानी पड़ती है। विवि एक स्वायत्त संस्था है। ऐसे में विवि में कार्यरत उपनल कर्मियों को रिक्त पद के सापेक्ष विभागीय समायोजन किया जाए।

## देवप्रयाग में किया सांसद बलूनी का भव्य स्वागत



नई टिहरी : गढ़वाल सांसद बनने के बाद शनिवार को पहली बार देवप्रयाग पहुंचे अनिल बलूनी का तीर्थ पुरोहित समाज सहित देवप्रयाग व हिंडोलाखाल की जनता ने स्वागत किया। चार धाम तीर्थपुरोहित संगठन अध्यक्ष कृष्ण कांत कोटियाल ने सांसद बलूनी को बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान से प्रभावित तीर्थ पुरोहितों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौपा। देवप्रयाग के तीर्थपुरोहितों ने जिसमें मास्टर प्लान से तीर्थ पुरोहितों के बदरीनाथ धाम स्थित पंचभैया मोहल्ला के ध्वस्त होने, उनके घरों के रास्ते टूटने सहित विस्थापित तीर्थ पुरोहितों के मुआवजे व आवास आवंटन की स्थिति शासन द्वारा साफ नहीं किये जाने की बात रखी। वहीं महिलाओं ने सांसद से देवप्रयाग व निकटवर्ती क्षेत्र में बने पेयजल संकट पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। पूर्व पालिकाध्यक्ष केके कोटियाल ने देवप्रयाग नगर में पार्किंग निर्माण, केन्द्रीय विद्यालय खोलने, सीवरप्लांट को वार्ड दो से हटाकर मेन प्लांट से जोडने, देवप्रयाग के लिए नदी से पंपिंग योजना की स्वीकृति दिये जाने, सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने, अलकनंदा झूला पुल का निर्माण करने, धर्मपुर मोड़ पर सुरक्षा दीवार व ट्रीटमेंट आदि का कार्य करने की संबंधी ज्ञापन भी सौंपा।

# नगर पालिका जोशीमठ ने प्लास्टिक कचरे को बनाया आय का साधन

**चारधाम यात्रा मार्ग से एकत्रित प्लास्टिक कचरे से प्राप्त की 1 करोड़ दो लाख की आय**



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** पहाड़ों के लिये आफत बन रहे प्लास्टिक कचरे को जोशीमठ नगर पालिका ने आय का साधन बना लिया है। यहां पालिका प्रशासन ने चार धाम यात्रा मार्ग से इन दिनों 3 टन से अधिक प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर लिया है। जबकि वर्तमान तक कचरे का विपणन कर 1 करोड़ दो लाख की आय आर्जित कर ली है।

बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी यात्रा के मुख्य पड़ाव जोशीमठ से पांडुकेश्वर तक सफाई का जिम्मा नगर पालिका परिषद जोशीमठ संभाले हुए है। ऐसे में यहां पालिका की ओर से नगर के साथ ही यात्रा मार्ग पर बिखरे प्लास्टिक कचरे को आय का साधन बना लिया है। पालिका प्रशासन के अनुसार यात्रा मार्ग से उन्होंने एक माह में कुल ढाई लाख से अधिक शीतलपेय की बोतलें एकत्रित कर ली है। जबकि अन्य प्लास्टिक कचरे को मिलाकर करीब तीन टन से अधिक प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया है। पालिका अधिकारियों ने बताया कि यात्रा मार्ग पर प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करने के लिये नगर और यात्रा मार्ग पर 22 मजदूर लगाए गए हैं। कचरे को एकत्रित कर कॉम्पेक्टर मशीन से ब्लॉक बनाकर कचरे का विपणन किया जा रहा है। जिससे वर्तमान तक जोशीमठ नगर पालिका की ओर से 1 करोड़ 2 लाख से अधिक की आय अर्जित कर ली गई है। चंद्रशेखर वशिष्ठ, उप जिलाधिकारी, जोशीमठ ने बताया कि जोशीमठ से पांडुकेश्वर तक सफाई व्यवस्था के लिये नगर पालिका जोशीमठ की ओर से जहां पर्यावरण मित्र तैनात किए गए हैं। वहीं प्लास्टिक कचरे के प्रभावी निस्तारण के लिये 22 मजदूर तैनात किए गए हैं। जिनके माध्यम से प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर विपणन किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप जहां यात्रा मार्ग से प्लास्टिक कचरे का प्रभावी निस्तारण हो रहा है।

### तीर्थपुरोहितों ने सांसद बलूनी को बताई समस्याएं

चमोली : गढ़वाल सांसद बनने के बाद शनिवार को पहली बार देवप्रयाग पहुंचे अनिल बलूनी का तीर्थ पुरोहित समाज सहित देवप्रयाग और हिंडोलाखाल की जनता ने स्वागत किया। चारधाम तीर्थपुरोहित संगठन अध्यक्ष कृष्ण कांत कोटियाल ने सांसद बलूनी को बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान से प्रभावित तीर्थ पुरोहितों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौपा। देवप्रयाग के तीर्थपुरोहितों ने जिसमें मास्टर प्लान से तीर्थ पुरोहितों के बदरीनाथ धाम स्थित पंचभैया मोहल्ला के ध्वस्त होने, उनके घरों के रास्ते टूटने सहित विस्थापित तीर्थ पुरोहितों के मुआवजे व आवास आवंटन की स्थिति शासन द्वारा साफ नहीं किये जाने की बात रखी। (एजेंसी)


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469 / 79

फोन / फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com